■ उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

सच का साथी..

# बी पी एस न्यूज

www.bpsnews.in

(वर्ष-8 अंक-26)

पृष्ठ 8 मूल्य 2/रुपया

सोमवार 31 जुलाई ,2023



▶ रुद्राभिषेक के साथ भंडारे का किया गया आयोजन

▶ शान शौकत से मोहर्रम की 10वीं तारीख को निकाला जुलूस ए हुसैनी

▶ प्यार के लिए अजू ने की सरहद पार

## न्यूज संक्षिप्त

### देश में आई फ्लू का कहर! बच्चों से लेकर बड़े-बूढ़े सब परेशान

दिल्ली के एम्स की ओपीडी में रोजाना आई ज़्लू की शिकायत वाले 100 मरीज़ आ रहे हैं. प्राइवेट आई अस्पतालों में भी 40 से 50 मरीज़ रोज कन्जक्टिवाइटिस से परेशान होकर पहुंच रहे हैं.दिल्ली के एक प्राइवेट आई हॉस्पिटल में पिछले साल जुलाई में कंन्जक्टिवाइटिस के 600 मामले आए थे. इस बार अभी तक जुलाई में ही 1200 से ज्यादा मरीज इलाज के लिए पहुंच चुके हैं. शार्प साईट सेंटर के निदेशक डॉ समीर सूद के मुताबिक कन्जक्टिवाइटिस आंखों के सफेद हिस्से में इरिटेशन से शुरु होता है. मॉनसून, उमस, नमी और पानी वाला वातावरण इस आई ज़्लू को तेज़ी से फैलने में मदद करता है. वैसे तो इस बीमारी का मरीज पांच से सात दिन में रिकवर हो जाता है लेकिन ये वक्त बहुत परेशानी भरा हो सकता है. लेकिन मरीज अपनी मर्जी से इलाज ना करें. इसकी बड़ी वजह ये है कि आई ज़्लू होने की तीन बड़ी वजहे हैं और वजहों के हिसाब से ही इलाज हो सकता है.

### पाक के खैबर में बम धमाका, 10 की मौत

पाकिस्तान रविवार को एक बार फिर से बड़े बम धमाके से दहल गया है। यहां रविवार को धमाका हुआ है। इस बम धमाके में 20 लोगों की मौत हो गई है। इसके साथ ही धमाके में 50 से अधिक लोग बुरी तरह से जज़्मी हैं और घायल हुए है। बता दें कि ये बम धमाका पाकिस्तान के खैबर पज़्तूनज़्वा इलाके के बाजौर में हुआ है।बाजौर में जब ये बम धमाका हुआ उस समय वहां जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम-फजल की बैठक हो रही थी। इस बैठक में कई कार्यकर्ता और नेता हिस्सा लेने बाजौर में पहुंचे थे। उसी दौरान जोरदार बमधमाका हुआ है। इसी बैठक को आतंकियों ने अपना निशाना बनाया है और बैठक स्थल पर ही विस्फोट कर दिया। आंतकियों द्वारा बम विस्फोट किए जाने के बाद पूरे इलाके में अफता तफरी का माहौल बना हुआ है।

### संसद : हंगामेदार रह सकता है पूरा सप्ताह

संसद का मानसून सत्र शुरू हो चुका है जिसमें मणिपुर हिंसा के मुद्दे पर 20 जुलाई को शुरू होने के बाद से कई तरह की रूकावटें आई है। इस दौरान कई व्यवधान देखे गए है। वहीं मॉनसून सत्र का आगामी सप्ताह और भी अधिक हंगामेदार होने वाला है ज़्योकि सरकार द्वारा दिल्ली सेवा अध्यादेश को बदलने के लिए लोकसभा में एक विधेयक पेश किए जाने की संभावना है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) विधेयक भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के खिलाफ एकजुट विपक्ष के लिए एक रैली का मुद्दा बन गया है। इसी बीच विपक्ष के गठबंधन इंडिया का हिस्सा बने दिल्ली के मुज्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अध्यादेश के खिलाफ कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल भी अध्यादेश के विरोध में उतर आए हैं।सरकार ने लोकसभा में विचार और पारित करने के लिए 13 मसौदा कानूनों को भी सूचीबद्ध किया है, जबकि अविश्वास प्रस्ताव लाने का नोटिस सदन के समक्ष लंबित है। मणिपुर में हिंसा को लेकर संसद में गतिरोध और विपक्ष की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सदन में बयान देने की मांग के बीच गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि वह इस मामले पर संसद में चर्चा का जवाब देने के लिए तैयार हैं। हालांकि गृहमंत्री अमित शाह के इस प्रस्ताव को विपक्ष ने पूरी तरह से ठुकरा दिया इसके बाद उन्होंने प्रधानमंत्री को संसद में मणिपुर हिंसा के मुद्दे पर बोलने के लिए आखिरी प्रयास के रूप में सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया।

पीएम के मन की बात कार्यक्रम

# भोजपत्र से बनी कलाकृतियां परंपरा और संस्कृति को संजोने का माध्यम बन रही हैं: प्रधानमंत्री मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि प्राचीन विरासत भोजपत्र से बनी कलाकृतियां ना सिर्फ परंपरा और संस्कृति को संजोने का माध्यम बन रही हैं बल्कि उत्तराखंड की महिलाओं की आर्थिक तरक्की के द्वार भी खोल रही हैं। आकशावाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की ताजा कड़ी में उत्तराखंड के चमोली जिले की नीति-माणा घाटी की महिलाओं से भोजपत्र के संबंध में मिले पत्रों की चर्चा करते हुए कहा कि वहां की महिलाओं ने उन्हें पिछले वर्ष अक्टूबर में भोजपत्र पर बनाई गई एक अनूठी कलाकृति भेंट की थी।



उन्होंने कहा, ''यह उपहार पाकर मैं भी बहुत अभिभूत हो गया। आखिर, हमारे यहां प्राचीन काल से हमारे शास्त्र और ग्रंथ, इन्हीं भोजपत्रों पर सहेजे जाते रहे हैं। महाभारत भी तो इसी भोजपत्र पर लिखा गया था।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की महिलाएं इस भोजपत्र से बेहद ही सुंदर-सुंदर कलाकृतियां और स्मृति चिन्ह बना रही हैं। उन्होंने कहा कि इसके बाद उन्होंने पर्यटकों से अपील की थी कि वे उत्तराखंड के स्थनीय उत्पादों को जरूर खरीदें।

मोदी ने प्रसन्नता व्यक्त की कि भोजपत्र उत्पादों को तीर्थ यात्री और पर्यटक बहुत पसंद कर रहे हैं। उन्होंने इस बात पर भी खुशी जाहिर की कि राज्य सरकार भोजपत्र उत्पाद तैयार करने के लिए महिलाओं को प्रशिक्षण दे रही है। उन्होंने कहा, ''जिन क्षेत्रों को कभी देश का आखिरी छोर माना गया था, उन्हें अब, देश का प्रथम गांव मानकर विकास हो रहा है। ये प्रयास अपनी परंपरा और संस्कृति को संजोने के साथ आर्थिक तरक्की का भी जरिया बन रहा है।'' बाद में अपने संबोधन के इस अंश को ट्वीट करते हुए मोदी ने लिखा, ''भोजपत्र की प्राचीन विरासत देवभूमि उत्तराखंड की महिलाओं के जीवन में खुशहाली के नए-नए रंग भर रही है। यह बेहद संतोष की बात है कि भोजपत्र से बनी अनूठी कलाकृतियां ना सिर्फ हमारी परंपरा और संस्कृति को संजोने का माध्यम बन रही हैं, बल्कि इससे आर्थिक तरक्की के नए द्वार भी खुल रहे हैं।''

प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' की इस कड़ी नशीले पदार्थों की समस्या के समाधान के लिए लोगों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में संगीत कार्यक्रमों और बाइक रैलियों के जरिए नशीले पदार्थों के विरूद्ध लोगों को जागरूक बनाने के प्रयास किये जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने चंडीगढ़ की चर्चा भी की जहां नशीले पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता के लिए 'वादा' नाम से क्लब चलाये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब में ऐसे कई खेल समूह बनाये गये हैं जहां फिटनेस पर जोर दिया जा रहा है और नशा मुक्ति अभियान चलाये जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने इन अभियानों में युवाओं की भागीदारी को बहुत उत्साहवर्धक बताया। उन्होंने कहा कि नशा-मुक्त भारत अभियान की शुरुआत 15 अगस्त 2020 को की गई थी और इसका उद्देश्य भावी पीढ़ी को नशीले पदार्थों से दूर रखना था। उन्होंने कहा, ''अब तक इस अभियान से 11 करोड़ से अधिक लोग जुड़ चुके हैं। दो सप्ताह पहले एक बड़ी कार्रवाई के तहत, जब्त किये गये डेढ़ लाख किलोग्राम नशीले पदार्थों को नष्?ट कर दिया गया।

## पीएम ने की उत्तर प्रदेश की तारीफ, रिकार्ड पौधे लगाने की सराहना की

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने मन की बात कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा राज्य में 30 करोड़ से अधिक पौधे लगाये जाने का जिक्र करते हुए इसे जनभागीदारी और जन जागरण का बड़ा उदाहरण बताया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बीते 22 जुलाई को उत्तर प्रदेश में रिकॉर्ड 30.21 करोड़ पौधरोपण किया गया। योगी आदित्यनाथ ने यहां अपने सरकारी आवास पर मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। प्रधानमंत्री ने कहा, ''राज्य में एक दिन में 30 करोड़ पौधे लगाने का रिकॉर्ड बनाया गया है। इस अभियान की शुरुआत राज्य सरकार ने की और उसे वहां के लोगों ने पूरा किया। हम सभी को पौधे लगाने और पानी बचाने के प्रयासों का हिस्सा बनना चाहिए।'' प्रधानमंत्री की ओर से पौधरोपण अभियान की प्रशंसा किये जाने के बाद मुख्यमंत्री ने आभार प्रकट किया। उन्होंनेट्विटर पर लिखा, '' प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से यहां पौधरोपण जन-आंदोलन का रूप ले चुका है। हम सभी हरित उत्तर प्रदेश के निर्माण हेतु भरपूर प्रयास कर रहे हैं। उसी क्रम में 77 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भी पांच करोड़ पौधरोपण के लिए संकल्पित हैं।'' आधिकारिक बयान के अनुसार इस वर्ष राज्य सरकार का लक्ष्य 35 करोड़ पौधे रोपने का है। इसमें से 30.21 करोड़ पौधे 22 जुलाई को रोपे गये हैं तथा 15 अगस्त को पांच करोड़ पौधे रोपे जाएंगे। खास बात ये है कि राज्य के सबसे शुष्क क्षेत्र बुंदेलखंड के सात जिलों में तकरीबन पांच करोड़ पौधे रोपे गये हैं। प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' कार्यक्रम में लोगों में बढ़े तीर्थाटन के भाव को भी सराहा।

## मणिपुर की राज्यपाल से मिलने पहुंचे विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के नेता




इम्फाल। विपक्षी गठबंधन इंडिया के प्रतिनिधिमंडल के मणिपुर दौरे का रविवार को दूसरा दिन है।प्रतिनिधिमंडल में शामिल 21 सांसद राज्यपाल अनुसुइया उइके से मिलने पहुंचे हैं। दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे सांसदों ने कई राहत शिविरों का दौरा किया था। राज्यपाल से मिलने पहुंचे सांसदों में से एक आरजेडी के सांसद मनोज झा ने समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए कहा कि न्याय के साथ शांति स्थापित करने की ज़रूरत है और इसी की गुज़ारिश करने के लिए वे राज्यपाल से मिलने जा रहे हैं। टीएमसी सांसद सुष्मिता सेन ने कहा, बहुत बुरा हाल है। परिस्थिति में कोई परिवर्तन नहीं है। राज्यपाल को ज्वाइंट मेमोरेंडम देंगे और शांति की अपील करें। हम चाहते हैं कि वे पीएम मोदी और अमित शाह को राज्य के बारे में सही-सही जानकारी दें।बह दिल्ली से विपक्षी सांसदों को एक प्रतिनिधिमंडल मणिपुर रवाना हुआ था। मणिपुर में तीन मई महीने से हिंसा जारी है। यहां मैतेई और कुकी समुदायों के बीच हुई हिंसा में अब तक 160 लोगों की जान गई है, वहीं हज़ारों लोगों को विस्थापित होना पड़ा है। विपक्ष मुख्यमंत्री का इस्तीफा मांग रही है।

## अमित शाह इंदौर में कांग्रेस पर बरसे, कहा- डबल इंजन सरकार राज्य को आगे ले जाएगी




भोपाल। मध्यप्रदेश में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इंदौर में चुनावी अभियान की शुरुआत की है। चुनावी अभियान की शुरुआत करते हुए अमित शाह ने इंदौर में भाजपा के संभागीय सम्मेलन से की है। इस दौरान अमित शाह ने कांग्रेस पार्टी पर भी जमकर निशाना साधा है। अमित शाह ने इस दौरान उन्होंने कई नेताओं पर जमकर निशाना साधा है।

अमित शाह ने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि मिस्टर बंटाधार और करप्शन नाथ कोई उद्योग राज्य में नहीं ला सके है। ट्रांसफर इंडस्ट्री की ही शुरुआत पार्टी ने की है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार ही राज्य को आगे लेकर जाएगी और देश का नंबर एक राज्य बनाएगी। इस दौरान अमित शाह ने कहा कि पूरे देश में मध्यप्रदेश में ही सबसे अच्छा संगठन है। मध्यप्रदेश में हर गांव, हर बूथ में कमल दिखता है। वर्ष 2024 के चुनावों की शुरुआत भी हो गई है। हर संभाग में ऐसे ही सम्मेलन होंगे।गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की सरकार के दौरान ही पाकिस्तान से आलिया, जमालिया तक आते थे। गोलियां चलाई जाती थी मगर पाकिस्तान को कुछ नहीं कहा जाता था। हमारी सरकार ने सेना का मनोबल बढ़ाया और पाकिस्तान में घुसकर उनके आतंकियों का सफाया किया गया। ये सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इच्छाशक्ति की बदौलत हुआ है। कांग्रेस पार्टी ने धारा 370 को वर्षों से पाला हुआ था, जिससे हमने जम्मू कश्मीर को छुटकारा दिलवाया है। इससे जम्मू कश्मीर देश की मुख्यधारा से जुड़ा है।इस दौरान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस पार्टी पर गुस्सा जाहिर करते हुए कहा कि राज्य को कांग्रेस पार्टी ने कबाड़ बनाकर रखा था।

## श्रीलंकाई महिला ने आंध्र प्रदेश के व्यक्ति से शादी की

इन दिनों पाकिस्तान से भारत आई सीमा हैदर और भारत से पाकिस्तान गई अंजू दोनों चर्चा में बनी हुई है। दोनों ही महिलाओं की कहानी में समान बात है कि दोनों महिलाओं में प्यार के लिए अपना देश छोड़ पड़ोसी देश में बस गई है।

ऐसी ही समान कहानी अब दक्षिण भारत में भी देखने को मिली है। यहां एक महिला ने फेसबुक फ्रेंड से शादी करने के लिए भारत आने में भी हिचकिचाहट नहीं जताई। इस मामले में ये नई कहानी एक श्रीलंकाई महिला शिवकुमारी



विग्नेश्वरी की है जो 25 वर्षीय है। अपने छह साल पुराने फेसबुक दोस्त, 28 वर्षीय लक्ष्मण से शादी करने के लिए भारत आई। बता दें कि महिला श्रीलंका से पर्यटक वीजा पर आई और उसने चित्तूर जिले में लक्ष्मण से शादी की है।

शनिवार को जैसे ही शादी की खबर सोशल मीडिया पर वायरल हुई, पुलिस ने निर्देश दिया कि वह 15 अगस्त को अपने वीजा की अवधि समाप्त होने से पहले देश छोड़ दें या विस्तार की मांग करें। सीमा-सचिन और अंजू-नसरुल्ला के भारत-पाक सीमा पार प्रेम और उनकी शादी किए जाने के बाद दक्षिण भारत की ये बॉर्डर पार की लवस्टोरी भी स्थानीय लोगों के बीच गहरी दिलचस्पी पैदा कर दी है। शादी करने का फैसला करने के बाद, विग्नेश्वरी 8 जुलाई को आंध्र प्रदेश आ गईं। इस जोड़े ने 20 जुलाई को चित्तूर जिले के वी कोटा के एक मंदिर में शादी कर ली।

ऐसे हुई दोनों की पहचान

वी कोटा मंडल के अरिमाकुलपल्ले के राजमिस्त्री लक्ष्मण की मुलाकात 2017 में फेसबुक पर श्रीलंका की विग्नेश्वरी से हुई। विग्नेश्वरी 8 जुलाई को पर्यटक वीजा पर कोलंबो से चेन्नई पहुंचीं। लक्ष्मण उन्हें लेने चेन्नई पहुंचे और यहां से वह उसे घर ले आया। लक्ष्मण के परिवार वालों की सहमति से 20 जुलाई को उन्होंने शादी कर ली।

## जेल में बंद लश्कर-ए-तैयबा का आतंकी पाशा पिछले साल के मंगलुरु बम धमाके का मास्टरमाइंड था: पुलिस

नई दिल्ली। जेल में बंद लश्कर-ए-तैयबा का आतंकवादी अफसर पाशा पिछले साल नवंबर में कर्नाटक के मंगलुरु में हुए बम धमाके का मास्टरमाइंड था और उसने ही मामले के आरोपी को कुकर बम बनाने का प्रशिक्षण दिया था। पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी। उन्होंने बताया कि पाशा को इससे पहले बांग्लादेश में बम बनाने का प्रशिक्षण मिला था और उसने कर्नाटक की जेल में रहने के दौरान मंगलुरु धमाके के आरोपी को प्रशिक्षित किया था। अधिकारी ने बताया कि जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि अब प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) ने पूर्व में पाशा के खाते में पांच लाख रुपये हस्तांतरित किए थे।उन्होंने बताया कि पाशा द्वारा पुलिस को दी गई जानकारी के आधार पर 'विस्तृत रिपोर्ट' तैयार की जा रही है और इसे देश की खुफिया एजेंसियों के साथ साझा किया जाएगा। पुलिस ने बताया कि पाशा इस समय नागपुर केंद्रीय कारागार में है और उसे केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को गैंगस्टर जयेश पुजारी द्वारा दी गई ।

## पंजाब: बाढ़ के कारण भारत-पाक सीमा के पास स्थित कई किसानों के घर तबाह

तरनतारन, फिरोजपुर, फतेहगढ़ साहिब, फरीदकोट, होशियारपुर, रूपनगर, कपूरथला, पटियाला, मोगा, लुधियाना, एसएएस नगर (मोहाली), जालंधर, संगरूर, एसबीएस नगर, फाजिल्का, गुरदासपुर, पठानकोट और बठिंडा सहित पंजाब के 19 जिले बाढ़ से प्रभावित थे। राज्य में भारी बारिश और बाढ़ में कम से कम 44 लोगों की जान चली गई तथा 22 लोग घायल हो गये। बाढ़ से प्रभावित 1,200 से अधिक लोग 159 राहत शिविरों में रह रहे हैं।

फिरोजपुर जिले में भारत-पाकिस्तान सीमा के पास स्थित कालूवाला गांव के किसान चिमन सिंह (60) की फसल बर्बाद हो गई है और हाल में आई बाढ़ की वजह से वह अपना घर भी गंवाने की कगार पर पहुंच गए हैं। इस गांव में अब तक कई किसानों के घर ध्वस्त हो चुके हैं। उनका घर भी बर्बाद होने की कगार पर है। चिमन सिंह ने बताया कि गांव में कई घर ढह गए हैं और कई अन्य आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गये हैं। उन्होंने कहा, ''मैंने ढाई एकड़ से अधिक भूमि पर धान बोया था। मेरी पूरी फसल नष्ट हो गई है और मेरा घर कभी भी गिर सकता है।'' ग्रामीणों ने बताया कि सतलज नदी के उफान पर होने से कृषि और आवासीय इलाकों में बाढ़ आ गई है। गांव के कई इलाकों में नदी का पानी भर जाने के बाद, कई ग्रामीण सरकारी प्राथमिक विद्यालय में स्थापित किये गये राहत शिविर में चले गये थे।

चिमन सिंह ने कहा, ''मैं ना केवल वर्तमान स्थिति के बारे में चिंतित हूं, बल्कि अपने परिवार के भविष्य को लेकर भी चिंतित हूं।'' सिंह अपनी पत्नी रानो बाई और अपने बेटे जगदीश के साथ स्कूल में बने राहत शिविर में रह रहे हैं।



## संपादकीय

### भूख के बीज

यह तथ्य नीति-नियंताओं और दुनियाभर के लोगों के लिये गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए कि पिछली एक सदी में विश्व की नब्बे फीसदी अनाज की किस्में गायब हो गई हैं। अनाज की ये प्रजातियां परंपरागत समाजों, विषम जलवायु में खेती करने वाले लोगों, आदिवासियों आदि की सदियों पुरानी विरासत थीं। जो न केवल पौष्टिकता से भरपूर थीं बल्कि विपरीत जलवायु में भी जीवन-यापन का जरिया थीं। निस्संदेह, फूड डायवर्सिटी का खात्मा मानवता के लिये शुभ संकेत नहीं है। दरअसल, फूड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गेनाइजेशन यानी एफएओ की एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया में परंपरागत अनाजों की नब्बे फीसदी किस्में पिछले सौ साल में गायब हो गई हैं। इस समय दुनिया में शेष नौ मुख्य प्रजातियां ही विश्व की आबादी के जीवनयापन का जरिया बनी हुई हैं। कुदरत का अपना चक्र है। हम अब तक दुनिया में जीव-जंतुओं व वनस्पतियों की किस्में खत्म होने की खबरें पढ़ा करते थे। लेकिन यह भयावह है कि मनुष्य के जीवन के प्रमुख जरिये अनाज की किस्में भी गायब हो रही हैं। इन गायब होने वाली अनाज की किस्मों में दलहन, तिलहन, धान, गेहूं व मोटे अनाज की कई दुर्लभ प्रजातियां शामिल हैं। जिसमें धान की किस्में ज्यादा हैं। कृषि वैज्ञानिक चेता रहे हैं कि इस सदी के मध्य तक अनाज की मौजूदा प्रजातियों के एक तिहाई हिस्से से मानव वंचित हो जायेगा। इस तरह एग्रो बायोडायवर्सिटी का संकुचन मानवता के लिये शुभ संकेत कदापि नहीं कहा जा सकता। दरअसल, इस संकट के मूल में आधुनिक सभ्यता में चावल व गेहूं की हाइब्रिड प्रजातियों का मोह मुख्य कारक है। जिसको बहुराष्ट्रीय बीज कंपनियों के मुनाफे की भूख ने ज्यादा बढ़ावा दिया है। किसान को ज्यादा पैदावार का लाभ तो मिला, लेकिन इस ज्यादा मुनाफे की होड़ में परंपरागत बीज उपयोग से बाहर हो गये। कालांतर वे लुप्तप्राय ही हो गये। दरअसल, वैज्ञानिक अनुसंधान के जरिये इन बीजों में इतनी अधिक बार परिवर्तन किया गया कि उनकी मौलिकता खत्म हो गई। उत्पादन जरूर बढ़ा लेकिन इन फसलों की पौष्टिकता खत्म हो गई।

निस्संदेह, पौष्टिक तत्वों की शरीर में कमी होने से दुनिया में नाना प्रकार की बीमारियों को भी बढ़ावा मिला है। दरअसल, यदि हम मानव द्वारा सदियों से सहेजी गई परंपरागत व पौष्टिक फसलों के गायब होने के कारणों पर नजर डालें तो कथित हरित क्रांतियों की भी इसमें बड़ी भूमिका है। दुनिया की लगातार बढ़ती आबादी का पेट भरने के लिये जिन बीजों को जेनिटिकली परिवर्तित किया गया, उनके चलते परंपरागत फसलों के बीज मौजूदा परिदृश्य से गायब हो गये। कृषि विशेषज्ञों ने व्यावसायिक खेती को प्राथमिकता देने की कोशिश में अधिक उत्पादन को बढ़ावा देने वाली फसलों को प्रोत्साहन दिया। फिर परंपरगत बीजों को अव्यावहारिक बताकर खारिज कर दिया गया। बीसवीं सदी से शुरू हुआ यह रुझान आधुनिक तकनीक से होने वाली व्यावसायिक खेती में चरम पर पहुंच गया। जिसका अनुसरण भारत जैसे विकासशील व गरीब मुल्कों ने भी किया।

# अदालत के अधिकारों पर आंच से आंदोलित इस्त्राइल

**विपक्ष ने इस बिल का संसद में सामूहिक बायकाट किया था। इसके विरोध में खड़े लोगों का दावा है कि सरकार न्यायपालिका के अधिकारों को सीमित करने जा रही है। नेतन्याहू को इसका डर बना रहता है कि उदारवादी सोच वाले जज 'रीजनेबिलनेस ज़्लॉज' का इस्तेमाल करते हुए जिस तरह से नियुक्तियां रोकते रहे, किसी दिन भ्रष्टाचार के आरोप में उन्हें ही जेल का रास्ता न दिखा दें।18 जनवरी, 2023 को जेरूसलम के उच्च न्यायालय ने प्रधानमंत्री नेतन्याहू को आदेश दिया था कि शास पार्टी के नेता आर्येह देरी को आंतरिक सुरक्षा व स्वास्थ्य मंत्री पद से अविलंब हटायें। कोर्ट की कड़ी टिप्पणी थी, 'एक ऐसा व्यक्ति जो टैज़्स फ्राड व घूसखोरी का दोषी रहा है।**



'बीबी' के नाम से मशहूर बेंजामिन नेतन्याहू पेसमेकर लगने की वजह से अस्पताल में थे। अस्पताल में कोई राष्ट्रनेता भर्ती हो, और जनता नेता के दीर्घायु होने की शुभकामना के बदले लानत भेजे, सुनकर किसी को भी अटपटा लगेगा। लेकिन नेतन्याहू दूसरी मिट्टी के बने हैं। गत 24 जुलाई को सड़क पर लानत-मलामत की परवाह न करते हुए नेतन्याहू अस्पताल से निकले। यह सब उस देश में न्यायिक सुधार बिल की वजह से हो रहा है जो वहां की संसद 'क्नेसेट' में पास हुआ। इस विधेयक के विरुद्ध आक्रोश इस क़दर है कि रिजर्व पायलटों, रिजर्व सैनिकों ने धमका दिया है कि हम बुलाने पर भी सेवा देने नहीं जायेंगे। डाक्टर हड़ताल पर चले गये हैं। कुछ ने देश छोड़ने की धमकी दे दी है। सड़क पर लगातार प्रदर्शन हो रहे हैं। मॉल और व्यापारिक केंद्रों पर ताला लग चुका है। अराजक स्थिति ऐसी, कि आप सड़क पर आसानी से नहीं चल सकते। जिसे देखिये, 'शेम-शेम, बीबी गो बैक' के नारे लगा रहा है। एक नवंबर, 2022 को हुए आम चुनाव में 120 सीटों वाली संसद 'क्नेसेट' में लीकुड, यहूदीवादी शास, और यूनाइटेड तोराह जूडिजम जैसे दक्षिणपंथी गठबंधन को 64 सीटें हासिल हुई थीं। नेतन्याहू की गठबंधन सरकार में 40 सांसद रूढ़िवादी यहूदी हैं। चार पार्टियों की गठबंधन सरकार में तीन तो घोषित रूप से आर्थोडॉक्स हैं। इनमें सेफार्डिक यहूदियों की समर्थक शास पार्टी, जो सियासत में औरतों की भागीदारी नहीं चाहती, दूसरी रोमन साम्राज्य के सपने देखने वाली अश्केह-नाजी यहूदियों की 'यूनाइटेड तोराह जूडिजम' और तीसरी पार्टी का नाम है, 'रिलीजिस ज़ियोनिजम' जिसके नेता हैं राब्बी मेइर कहाने। इन तीनों दलों से नेतन्याहू की लीकुड पार्टी तालमेल बैठा कर चल रही है, जिस वजह से सोमवार को संसद में न्यायिक सुधार विधेयक को 64 सांसदों का समर्थन मिला।120 सदस्यीय इस्त्राइली संसद में सत्ता व प्रतिपक्ष के बीच 64 और 56 का फासला है। विपक्ष ने इस बिल का संसद में सामूहिक बायकाट किया था। इसके विरोध में खड़े लोगों का दावा है कि सरकार न्यायपालिका के अधिकारों को सीमित करने जा रही है। नेतन्याहू को इसका डर बना रहता है कि उदारवादी सोच वाले जज 'रीजनेबिलनेस क्लॉज' का इस्तेमाल करते हुए जिस तरह से नियुक्तियां रोकते रहे, किसी दिन भ्रष्टाचार के आरोप में उन्हें ही जेल का रास्ता न दिखा दें।18 जनवरी, 2023 को जेरूसलम के उच्च न्यायालय ने प्रधानमंत्री नेतन्याहू को आदेश दिया था कि शास पार्टी के नेता आर्येह देरी को आंतरिक सुरक्षा व स्वास्थ्य मंत्री पद से अविलंब हटायें। कोर्ट की कड़ी टिप्पणी थी, 'एक ऐसा व्यक्ति जो टैक्स फ्राड व घूसखोरी का दोषी रहा है, इस पद के लायक़ नहीं है।' शास पार्टी के प्रमुख आर्येह देरी के ख़िलाफ भ्रष्टाचार का मामला 2022 से चल रहा था। इस्त्राइल में सत्तारूढ़ लीकुड पार्टी के 32 सांसदों के बाद शास पार्टी के 11 सांसद गठबंधन सरकार में सबसे बड़ी संख्या में हैं। कोर्ट के आदेश के बाद, आर्येह देरी जैसे ताक़तवर नेता से मंत्री पद छीन लेने का मतलब था, नेतन्याहू की नई-नवेली सरकार भरभराकर गिर जाती।

सत्ता में नेतन्याहू के साझीदारों के पास एक ही विकल्प बच गया था कि अदालत के पर कतरे जाएं। अदालत के अधिकारों के हरण का प्रयास पिछले छह महीनों से चल रहा था। इस्त्राइली सुप्रीम कोर्ट की प्रेसिडेंट (वहां मुख्य न्यायाधीश को प्रेसिडेंट बोलते हैं) एस्थर हायुत, जो एक महिला हैं, ने 15 जजों की बेंच के समक्ष बयान दिया था कि असाधारण परिस्थितियों में ही अदालत को राजनीतिक नियुक्तियों पर फैसला देना पड़ता है। सुप्रीम कोर्ट की प्रेसिडेंट एस्थर हायुत ने कहा, 'अदालत को यह अधिकार देश के संविधान ने दिया है। आर्येह देरी और उनकी शास पार्टी ने जनता का भरोसा पिछले चुनाव में जीता था, तभी उनके 11 सांसद चुनकर आये। मगर, आर्येह देरी उस पर खरा नहीं उतर पाये।'इस्त्राइल ने गुज़िश्ता पांच वर्षों में पांच बार आम चुनाव कराने का विश्व रिकार्ड हासिल कर लिया है। अनिश्चित गठबंधन सरकारों से लोग 2018 से ही आज़िज थे। पांचवीं बार मतदान 1 नवंबर, 2022 को हुआ, जिसमें नेतन्याहू की वापसी हुई है। दिसंबर, 2018 में क्नेसेट के विघटित हो जाने के बाद से ऐसा ग्रहण लगा है कि सरकार लंबे समय तक चलने की निश्चितता की गारंटी नहीं दी जा सकती। नेतन्याहू की कुर्सी गठबंधन की वजह से टिकी हुई है। मगर, 'हम भ्रष्टन के, भ्रष्ट हमारे' वाले सिद्धांत पर जब सरकार चलाने की ज़बरदस्ती होती है, जनता कभी न कभी मोर्चा संभाल लेती है। इस्त्राइल में वही हो रहा है इस समय।

नेतन्याहू सबसे लंबी अवधि तक इस्त्राइल में शासन प्रमुख बने रहने का रिकार्ड बना चुके हैं। 73 साल के नेतन्याहू ने 31 मार्च, 2009 को प्रधानमंत्री पद संभाला था। पांच बार पीएम की कुर्सी बचाये रखना भी नेतन्याहू के लिए बड़ी चुनौती थी। अब वो छठी बार सत्ता की सवारी कर रहे हैं। इन सबके बावजूद, नेतन्याहू अपने और परिवार के ऊपर लगे भ्रष्टाचार के दाग धो नहीं पाये। नेतन्याहू जर्मन पनडुब्बी डील में हुए भ्रष्टाचार में फंसे हैं।

पनडुब्बी भ्रष्टाचार वाले सवाल पर 42 फीसद लोगों ने 'बीबी' को बेईमान माना था। मगर 27 प्रतिशत लोग यह कहते हैं, 'पीएम ने जो कुछ किया, देश के वास्ते किया।' इस्त्राइल भी उदाहरण बन गया कि देशहित, राष्ट्रवाद के बहाने सभी तरह के घपले ढके जा सकते हैं। नेतन्याहू की पत्नी सारा पर भी प्रधानमंत्री निवास के फर्नीचर की ख़रीद-फरोख्त और उसे सजाने के मामले में पैसे खाने का आरोप है। सारा से दिसंबर, 2016 से लेकर 24 अप्रैल, 2017 तक कई बार पूछताछ हो चुकी थी। नेतन्याहू ख़ुद ऑस्ट्रेलियाई अरबपति जेम्स पैकर से महंगे गिफ्ट लेने के कारण विवाद के घेरे में फंसे हुए हैं। नेतन्याहू ने एक यहूदी मीडिया मुगल आर्नोन मोज़ेस के अखबार के प्रसार को विज्ञापन और दूसरे तरीके से मदद के ज़रिये आगे बढ़ाने की कोशिश की थी, इस तरह के गंभीर आरोप से वो मुक्त नहीं हो पाये।

इस्त्राइल में राजनीतिक दावानल का असर वहां चल रही कई परियोजनाओं पर पड़ा है, जिसमें हाइफा में अडानी पोर्ट प्रोजेक्ट भी है। भारत-इस्त्राइल के उभयपक्षीय व्यापार में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी हीरे की है। हीरे का कारोबार है, तो उस देश में गुजरात की भी उपस्थिति है। बीबी और मोदी की मित्रता की वजह से 1992 में जो उभयपक्षीय व्यापार 20 करोड़ डॉलर का था, 2022-23 में बढ़कर 7 अरब 89 करोड़ डॉलर का हो चुका है। नेतन्याहू की कुर्सी इस बार बच गई, तो इस साल के अंत में वो भारत अवश्य आएंगे।

# संघ ने विश्व को नया भारत दिया है, आरएसएस देश की आत्मा..!

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ,जी हां यह नाम सुनते ही सेक्युलर इंसानों के नसों में जहर फैल जाता है जबकि सबसे अधिक कोई सेक्युलर है तो खुद संघ है ।देशभक्ति के लिए मशहूर संघ आज भी अपनी प्रासंगिकता पर खरी है ।

संघ के स्वयं सेवक आज भी देश सेवा में तल्लीन है ।संघ का देश की राजनीति में हस्तक्षेप किसी से छुपी नहीं किंतु वह हस्तक्षेप केवल देश हित हेतु होता है जिसे लेकर विपक्ष कुढ़ता भी रहा है ।लगभग सौ साल पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना हुई थी तब कांग्रेस उफान पर थी ।आज नौ वर्षों से संघ की राजनीतिक ईकाई भाजपा शीर्ष पर है और कांग्रेस साथी ढूढ़ने पर मजबूर है अस्तित्व की लड़ाई के लिए। हो सकता है कांग्रेस नये गंठजोड़ के साथ मिलकर भाजपा को अपदस्थ कर दे मगर यदि संघ के अतीत पर नज़र डालें तो ऐसा नहीं लगता कि सत्ताच्युत होते ही उसका हाल कांग्रेस वाला हो जाएगा ।

संघ के साथ राजनीतिक विरासत ऋणात्मक है । राष्ट्रपिता के हत्यारों का साथ देने के आरोप लगाता है किंतु संघ सत्य के साथ खड़ा है, सावरकर के माफ़ीनामों की विरासत है किंतु सर्वविदित है की वीर सावरकर वीर थे और चंद मानसिक गुलाम उनके बलिदान को धूमिल करना चाहते है , आज़ादी के बाद तीन बार प्रतिबंधित होने की कुटिल चाल की शिकार है संघ ।इंदिरा गांधी के आपातकाल में सहयोग देने की भी विरासत है ।मगर यह सब कहकर भी उसके विरोधी कुछ नहीं उखाड़ पाते उसका ।क्योंकि सभी ऋणात्मक विरासतों के साथ-साथ उसके पास जनता के बीच लगातार सरोकार बनाये रखने की अक्षुण्ण विरासत भी है ।वैचारिक दृढ़ता की विरासत भी है ।ऐसी वैचारिक दृढ़ता केवल मार्क्सवादियों के पास ही है इसीलिए संघ ने स्थापना के समय जो तीन शत्रु चिन्हित किये थे उनमें ईसाईयों , मुसलमानों के अलावा कांग्रेस नहीं कम्युनिस्ट थे ।उस समय भी कांग्रेस में तिलक से शुरू करते हुए मदन मोहन मालवीय तक अनेक ऊर्जावान और यशस्वी संघी ही थे जिनका योगदान आज



पंकज कुमार मिश्रा ( जौनपुर )

**संघ के साथ राजनीतिक विरासत ऋणात्मक है । राष्ट्रपिता के हत्यारों का साथ देने के आरोप लगाता है किंतु संघ सत्य के साथ खड़ा है , सावरकर के माफ़ीनामों की विरासत है किंतु सर्वविदित है की वीर सावरकर वीर थे और चंद मानसिक गुलाम उनके बलिदान को धूमिल करना चाहते है , आज़ादी के बाद तीन बार प्रतिबंधित होने की कुटिल चाल की शिकार है संघ ।**

भी भुलाए नहीं भुलाया जा सकता और देश कृतज्ञ है । कम्युनिस्ट ( मार्क्सवादी ) ही स्पष्ट तौर पर राष्ट्रवाद और साम्प्रदायिकता के विरोधी थे ।कांग्रेस तो राष्ट्रीय आन्दोलन की लड़ाई लड़ ही रही थी और उसके नेता गांधी स्वयं रामराज्य लाने की बात करते थे ।नेहरू ही सही मायने में गैर ङ्क साम्प्रदायिक ही नहीं गैर ङ्क धार्मिक भी थे ।इसलिए गांधी से ज़्यादा चिढ़ संघ को नेहरू से है ।मगर कांग्रेस का नेतृत्व कभी संघ की सोच की गहराई तक गया ही नहीं , केवल राजनीतिक लड़ाई ही लड़ता रहा ।मगर धीरे- धीरे संघ देश के हर वर्ग में घुसपैंठ करता ही रहा ।वह एक ऐसा आधार तैयार करता रहा कि जब भी मौका मिलेगा पूरी व्यवस्था को जकड़ लेगा विषधर की कुंडली की तरह ।आज वही हो रहा है ।भाजपा भले चुनाव हार जाए पर संघ नहीं हारेगा। यही कारण है कि जहाँ पर भी हिन्दू बहुमत में हैं वहाँ संघ जानता है कि देर या सवेर वह सत्ता में आ ही जायेगा ।जहाँ हिन्दू बहुमत में नहीं हैं वहाँ पर मौकापरस्त समझौता कर सत्ता में आ जायेगा ।स्वतन्त्रता से पहले बंगाल में मुस्लिम लीग के साथ भी साझेदारी कर ली थी ।कांग्रेस और अन्य अनेक दलों को जो यह लगता है कि दक्षिण में भाजपा का कोई भविष्य नहीं है वह उत्तर-पूर्व में उसके ग्राफ को देख ले ।बस दक्षिण में मौके की तलाश में है ।यह संघ के संगठन की सोच ही है कि 28 जुलाई से 13 जनवरी ( पोंगल ) तक तमिलनाडु में 168 दिन की पदयात्रा की शुरूआत अमित शाह ने कर दी है ।जयललिता की गैर ङ्क मौजूदगी में अन्ना द्रमुक अनाथ सी है , उसको निगलने की तैयारी है ।उत्तर ङ्क पूर्व में मणिपुर में जो हो रहा है उसको धर्म के चश्मे से देखेंगे तो कहानी समझ में आएगी ।सही मायने में 2023 का मणिपुर 2002 के गुजरात की ही कहानी है ।भले ही उसे लाख लानतें भेजो भाजपा की सोच स्पष्ट है ।उसे संघ के एजेंडे पर ही काम करना है ।संघ आज भले ही नरेन्द्र मोदी के सामने लाचार है मगर जब एजेंडा उसी का पूरा हो रहा है तो चुप्पी ही ठीक है ।दुधारू गाय की दुलत्ती भी खानी पड़ती है कई बार ।कांग्रेस और सभी विपक्षी दल भले ही भाजपा को मात दे दें चुनाव में , संघ को मात देना उनके बस की बात नहीं है फ़िलहाल।उसके लिए किसी मालवीय जैसे दृढ़ विचारवान विभूति को ही अवतरित होना पड़ेगा।विपक्ष कहता है मोहनदास करमचंद गांधी के रामराज्य को भाजपा ने अगवा कर लिया है पर यह नया रामराज्य है जिसने न्याय है विकास है और नीतियां है ।नया गांधी आयेगा ऐसा कहकर जनता को गुमराह करने वाली कांग्रेस की स्थिति गिरती जा रही , भाजपा को ज़मीन तैयार रखनी होगी ।और वो ज़मीन है वैज्ञानिक सोच की ज़मीन। भविष्य के सामने भूत कब टिक पाया है ।याद करें यूरोपियन जब भारत में आए थे हमारे पास स्वर्णिम भूत था और उनके पास भविष्य का विज्ञान था ।तब जो हुआ था वही अब होगा ।रात भर का है मेहमां अंधेरा किसके रोके रुका है सवेरा ! संघ सदा था और रहेगा ।संघे शक्ति कलयुगे !


## राजश्री की फिल्म 'दोनों' में इश्क लड़ाते दिखेंगे राजवीर देओल और पलोमा




मुंबई। राजश्री प्रोडक्शंस प्राइवेट लिमिटेड की 59वीं फिल्म 'दोनों' जियो स्टूडियोज के सहयोग से एक बार फिर दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार है। अवनीश एस बड़जात्या द्वारा निर्देशित यह फिल्म स्वप्निल प्रेम कहानी पर आधारित है, जो सेल्फ लव के शहरी संघर्षों पर सवाल उठाती है। इस फिल्म के लिए पलोमा और राजवीर देओल से बेहतर कास्टिंग नहीं हो सकती थी ।जैसे ही इस फिल्म का टीजर रिलीज हुआ, दर्शक मेघना के रूप में पलोमा की खूबसूरती से काफी आकर्षित हुए हैं और राजवीर देओल के चार्म ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया है। ऑन स्क्रीन इन दोनों की केमेस्ट्री देखने लायक होगी। राजश्री प्रोडक्शंस की विरासत को सार्थकता के साथ आगे बढ़ाने की दिशा में अग्रसर लेखक व निर्देशक अवनीश एस. बड़जात्या मेगा ब्लॉकबस्टर फिल्म 'प्रेम रतन धन पायो' (2015) में सहायक निर्देशक और समीक्षकों द्वारा प्रशंसित ऊँचाई (2022) में एसोसिएट डायरेक्टर थे ।कमल कुमार बड़जात्या, स्व. राजकुमार बड़जात्या और अजीत कुमार बड़जात्या ने इस फिल्म को प्रोड्यूस किया है। फिल्म के लिए क्रिएटिव प्रोडक्शन का नेतृत्व सूरज आर. बड़जात्या कर रहे हैं। राजश्री प्रोडक्शंस की 75 साल की परम्परा को आगे बढ़ते हुए निर्देशक अवनीश बड़जात्या एक दिल को छू जानेवाली फिल्म ले कर आ रहे हैं जो दर्शकों से निश्चित रूप से कनेक्ट करेगी।

**प्रस्तुति:काली दास पाण्डेय**

# मणिपुर : बात है काले कपड़ों और लाल डायरी तक आई



गोंदिया । वैश्विक स्तरपर दुनियां के सबसे बड़े लोकतंत्र और सबसे अधिक जनसंख्या वाले देश के मानसून सत्र 2023 पर दुनियां की नजरें लगी हुई है। एक तरफ दुनियां में अपनी उपलब्धियों के झंडे गाड़कर अपनी प्रतिष्ठा रुतबे औरताकत को सिद्ध कर दिया है तो दूसरी तरफ अपने एक भीषण घरेलू मामले पर संसद के मानसून सत्र 2023 जो 20 जुलाई से 11 अगस्त 2023 तक 23 दिन 17 बैठकों में 31 दिल पर चर्चा से संदर्भित है, हंगामे की भेंट चढ़ता हुआ दिखाई पड़ रहा है ? क्योंकि बीते 8 दिनों से सांसद चल नहीं पाई है। उधर अनेक बिल बिना चर्चा के केवल ध्वनिमत से पारित किए जा रहे हैं जो लोकतंत्र के लिए अच्छा संकेत नहीं मांनां जा सकता है, जिसकी वजह विपक्ष आई.एन.डी.आई.ए की 26 पार्टियों का मणिपुर मामले पर माननीय पीएम के संसद में बयान पर वकआउट करना है जिसका सियासी पेंच फंस गया है, जनता जनार्दन लाइव टेलीकास्ट डिबेट सुन और समझ रही है। विपक्ष की मांग भी उचित हो सकती है कि पीएम आकर बयान दे जिसमें कोई हर्ज नहीं है, वैसे भी दिनांक 27 जुलाई 2023 कोराजस्थान में लाल डायरी सहित अनेक मुद्दों पर बयान दे चुके हैं संसद शुरू होने से पहले बाहर बड़ी प्रेस कॉन्फ्रेंस में बयान भी दिए हैं, तो संसद में बयान क्यों नहीं, यह बात विपक्ष के नेता ने आज बुधवार को कही, वही पक्ष का कहना है कि जब गृहमंत्री इस मुद्दे पर बयान देने को तैयार है तो फिर चर्चा क्यों नहीं अब जनता जनार्दन को दोनों की बात उचित लग रही है परंतु कोई पक्ष झुकने के लिए तैयार नहीं विपक्ष नें 27 जुलाई 2023 को विदेशमंत्री के महत्वपूर्ण बयान पर हंगामा किए तो विपक्ष के नेता के बयान पर पक्ष द्वारा भी हंगामा किया गया। 26 पार्टियों का विपक्ष की संसद में बुधवार को सभी काले कपड़ों में उपस्थिति दर्ज कराई तो पीएम द्वारा राजस्थान में लाल डायरी संबंधी बड़ा बयान याने पक्ष विपक्ष का बयान अपने राह पर तान, जनता हलकान वाली बात रही है। चूंकि कि इस सियासी लड़ाई में काली ड्रेस छाई लाल डेहरी आई है, तो हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, मणिपुर पर संसद से सड़क तक संग्राम और लड़ाई बात काले कपड़ों और लाल डेहरी पर आई, जिसमें संसद का मानसून सत्र 2023 भी हंगामे की भेंट चढ़ने के आसार हैं ? ए बाबू जनता जनार्दन लाइव टेलीकास्ट में जीवंत लोकतंत्र में निष्क्रिय आचरण देख रही है!

साथियों बात अगर हम संसद में विपक्ष काले कपड़ेपहनकर अपना विरोध प्रदर्शन की करें तो यह संवैधानिक अधिकार है, परंतु सत्ताधारी पक्ष और सांसदों के द्वारा तंटिंग करने की करें तो, मणिपुर पर संसद से सड़क तक जबरदस्त तरीके से सियासी संग्राम छिड़ा हुआ है। विपक्षी दल केंद्र की सरकार पर हमलावर है। संसद के दोनों सदनों में इस मुद्दे को लेकर विपक्षी दल सरकार से चर्चा की मांग कर रहे हैं। विपक्षी दल पीएम के बयान की भी मांग कर रहे हैं। इसी कड़ी में केंद्र सरकार के खिलाफ विपक्ष की ओर से अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है। वहीं,आज विपक्षी दलोंके नेता संसद में काले कपड़े पहनकर पहुंचे थे। उनकी ओर से सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया जा रहा था इसको लेकर पक्ष ने जबरदस्त तरीके से पलटवार किया है। विपक्षी दलों के सदस्यों पर तीखा प्रहार करते हुए सदन के नेता ने आरोपलगाया कि उनके द्वारा विदेश नीति जैसे गंभीर विषय पर राजनीति करना दुर्भाग्यपूर्ण है तथा उनका विगत और वर्तमान ही नहीं भविष्य भी काला है। उन्होंने एक लिखा हुआ पर्चा पढ़ते हुए कहा, जिनके मन में काला है, जिनके तन पर भी आज काला है, क्या छिपा है इनके दिल में, क्या इनके दिल में भी काला है, क्या शब्दों के बोल में काला है। क्या कारनामे हैं इनके, जो दिखाना नहीं चाहते और छिपाना चाहते हैं, वैसे तो आजकल काले कौवे भी इन पर आकर्षित होने लगे हैं। हरियाणा के मंत्री ने तो यह तक कह दिया कि मातम में ही काले कपड़े पहने जाते हैं। ऐसा लग रहा है कि नई पार्टी का कोई स्वर्ग सिधार गया होगा। उनका नई पार्टी से संदर्भ आई.एन.डी.आई.ए गठबंधन से था जो विपक्षी दलों की एकता का मंच है। उन्होंने अपने बयान में कहा कि काले कपड़े तो मातम में ही पहने जाते हैं। यह जो नई पार्टी बनी है उसके जन्म के साथ ही कोई स्वर्ग सिधार गया होगा इसलिए ये काले कपड़े पहनकर आए हैं। सरकार के लिए सभी धर्मों के लोग एक समान है, इसके लिए कानून बनाने की आवश्यकता है। कुछ लोग तो पैदा ही विरोध करने के लिए हुए हैं। इसमें किसी को क्या ऐतराज है कि सरकार सबको समान नज़र से देखे? विपक्षी नेता का पीएम पर वार, कि एक ओर जहां संसद में मणिपुर को लेकर विपक्षी दल पीएम के बयान की मांग कर रहे हैं। वहीं, पीएम आज राजस्थान दौके पर हैं जहां से उन्होंने इंडिया को लेकर कड़ा प्रहार किया है। इसी पर विपक्ष अध्यक्ष ने पलटवार किया है, कहा कि सदन चल रहा है, हम मांग कर रहे हैं कि पीएम वहां आएं और बयान दें लेकिन वे राजस्थान में राजनीतिक भाषण दे रहे हैं और चुनाव की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब वे वहां जा सकते हैं तो क्या आधे घंटे के लिए सदन में आकर बयान नहीं दे सकते? इसका मतलब है कि लोकतंत्र में उनकी कोई रुचि नहीं है, कोई विश्वास नहीं है। वे लोकतंत्र और संविधान की रक्षा नहीं करना चाहते, वे संसद का अपमान कर रहे हैं।

**किशन सनमुख़दास भावनानी**

## अपनी समस्या हमें बतायें

आपके साथ या आपके आस-पास कोई घटना, दुर्घटना, भ्रष्टाचार, जुर्म हुआ है या उत्पीड़न हुआ है अथवा आपके क्षेत्र की समस्या है और आपकी समस्या जायज है तो आपकी समस्याओं के समाधान हेतु सज़्बन्धित उच्च अधिकारियों एवं शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिये बी पी एस न्यूज आपके साथ है। आपकी खबर शत् प्रतिशत प्रकाशित की जायेगी। एवं आपका नाम व नज़्बर आपके अनुसार प्रकाशित या पूर्णतया गुप्त रखा जायेगा।

दिये गये नज़्बर पर काल करें या हमें ई मेल करें।

फोन नं.- 9335908846, bps.knp786@gmail.com

## आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहकों/विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि बी.पी.एस. न्यूज समाचार पत्र में नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। कृपया चेक/डी.डी. बी पी एस न्यूज के नाम से ही चेक आदि भेजें। नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। नगद भुगतान करने पर विज्ञापनदाता स्वयं जिज़्मेदार होंगे।

-सज़्पादक

## आवश्यकता है

बी पी एस न्यूज राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक, साप्ताहिक समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) के लिये समस्त तहसीलों एवं ज़्लाक स्तर पर ज़्यूरो चीफ, संवाददाताओं, छायाकार तथा विज्ञापन प्रतिनिधियों युवक-युवतियों की आवश्यकता है।

सज़्पर्क करें -:

मो.: 8423454502, 9335908846

email:bps.knp786@gmail.com

# अपर जिला जज/ सचिव ने महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति किया गया जागरूक




**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों के अनुपालन में जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कानपुर नगर प्रदीप कुमार सिंह द्वारा दिए गए मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कानपुर नगर द्वारा सभागार पंचायत भवन तहसील सदर कानपुर नगर में महिलाओं के हित संरक्षण कानून संबंधी विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में मैं शुभी गुप्ता अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कानपुर नगर, योगेश कुमारएडीजे/ स्पे0 जज पोक्सो एक्ट, शगुन पनवार अपर प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय कानपुर नगर, प्रोफेसर ए.बी. जयसवाल वीएसएसडी लॉ कॉलेज कानपुर नगर, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर पूनम मित्तल डॉक्टर शालिनी, रिचा सचान नयाब तहसीलदार, पीएलवी गण, स्टाफ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उपस्थित रहें। उक्त शिविर में उपस्थित महिलाओं को राष्ट्रीय महिला आयोग का महत्व व कार्यशैली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ , जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कानपुर नगर द्वारा दी जाने वाली निःशुल्क विधिक सहायता की जानकारी दी। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शुभी गुप्ता द्वारा बताया गया महिलाएं आज भी बड़ी संख्या में घरेलू हिंसा की शिकार हो रही हैं। महिला हर जगह पीड़ित बनकर ही रह जाती है, घरेलू हिंसा के खिलाफ आवाज ना उठाने के पीछे सबसे बड़ा कारण उनका आर्थिक रूप से किसी ना किसी के ऊपर निर्भर रहना और घर छिन जाने का डर होता है। भरण पोषण अधिनियम, विवाह अधिनियम एवं महिलाओं के संपत्ति में अधिकार के संबंध में जानकारी दी गई। योगेश कुमार-एडीजे/ स्पे0 जज पोक्सो एक्ट द्वारा सिविल अपराधिक वादों व पोक्सो एक्ट, शगुन पनवार अपर प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय के द्वारा पारिवारिक मामलों, प्रोफेसर ए.बी. जायसवाल वीएसएसडी लॉ कॉलेज द्वारा श्रम कानून व कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न रोकथाम कानून एवं रिचा सचान नयाब तहसीलदार द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ व महिलाओं को तहसील स्तर पर मिलने वाली सरकारी योजनाओं के लाभ के संबंध में जानकारी दी गई। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि दिनांक 28 जुलाई 2023 को भास्कर इंटर कॉलेज नरवल तहसील में महिलाओं को जागरूक किए जाने हेतु विधिक जागरुकता विशेष कैंप का आयोजन किया गया है जिसमें विधिक जानकारी के साथ सर्वाइकल कैंसर से संबंधित जानकारी भी महिलाओं को दी जाएगी।

# प्रधान आयकर आयुक्त को ठग ने बनाया निशाना,1 लाख रुपए की ठगी

## प्रधान आयकर आयुक्त को ठगों ने बनाया निशाना

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। शातिर ठग ने चीफ इनकम टैक्स ऑफिस की डीपी लगाकर इनकम टैक्स कमिश्नर से 1 लाख रुपए की ठगी कर ली। ठगी की जानकारी होने पर उन्होंने कानपुर के कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

कानपुर में प्रीति जैन दास प्रधान आयकर आयुक्त के पद पर कार्यरत हैं। प्रीति के मुताबिक दो दिन पूर्व प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त शिशर झा सर का डीपी लगे वॉट्सऐप पर मैसेज आया कि हैलो क्या हाल हैं प्रीति ने कहा कि सब ठीक है सर।

फिर पूछा कि ऑफिस में सब कैसा चल रहा है प्रीति ने जवाब दिया कि अच्छा है सर। इस दौरान उधर से मैसेज आया कि मैं ट्रैवेल में हूं। मेरा गूगल पे काम नहीं कर रहा है। मेरे अकाउंट में एक लाख रुपए डाल दो। प्रती ने अफसर का मैसेज समझकर फौरन एक लाख रुपए ट्रांसफर कर दिया।

लेकिन प्रीति ने इस संबंध में जब अपने अफसर शिशर झा से बात की तो उन्होंने साफ मना कर दिया कि मैंने तो कोई रुपए नहीं मांगा। इसके बाद प्रति ने उनकी डीपी लगी वॉट्सऐप नंबर का चैट दिखाया तो उन्होंने बताया कि किसी ने तुम्हारे साथ फ्रॉड किया है। ठगी का पता चलने पर प्रीति ने कोतवाली थाने में ठग के खिलाफ मोबाइल नंबर के आधार पर एफआईआर दर्ज कराई है।

कोतवाली थाना प्रभारी ने बताया कि प्रधान आयकर आयुक्त प्रीति जैन दास की तहरीर पर मोबाइल नंबर के आधार पर ठग के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। साइबर सेल को जांच के लिए मामला ट्रांसफर कर दिया गया है। मामले का खुलासा करने के लिए प्रयास किया जा रहा है।

# घर से भागे प्रेमी युगल ने फांसी लगाकर दी जान

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर देहात। कानपुर देहात में घर से भागे प्रेमी युगल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। गुरुवार सुबह दोनों के शव मूसानगर में सराय के जंगल के पास पेड़ पर लटके मिले। तड़के एक ग्रामीण ने देखा तो पता चल सका। कुछ देर के प्रयास के बाद शिनाख्त हो सकी। दोनों परिवार का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।भोगनीपुर गौर गांव के किसान काजू की पुत्री रोली (14) बुधवार को लापता हो गई थी। उन्हें दूर के रिश्तेदार औरैया कंचौसी लिछ्यामऊ के छोटू (18) पर शक था। पता किया तो वह भी घर पर नहीं था। इसके बाद उन्होंने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई व छोटू पर शक जताया। पुलिस तलाश कर रही थी। वहीं दोनों ने सराय के जंगल में बबूल के पेड़ पर गमछे के अलग अलग फंदे पर लटककर जान दे दी। तड़के एक ग्रामीण ने देखा तो पता चल सका। कुछ देर के प्रयास के बाद शिनाख्त हो सकी।दोनों परिवार का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सीओ भोगनीपुर रविकांत ने बताया कि शादी करने की मंशा दोनों की थी लेकिन परिवार विरोध करता था,उम्र भी कम थी,इसी के चलते जान दे दी है। परिवार ने भी यही बात बताई है।

# आई फ्लू से बचाव हेतु लगाया नेत्र शिविर



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। महाकालेश्वर मंदिर में लगा तीसरे दिन नेत्र शिविर, अधिकांश मरीजों में आई फ्लू में तेजी से बढ़ रहा ऐसे मरीज स्कूल न जाए बाबा महाकालेश्वर मंदिर बर्रा में बाबा महाकालेश्वर मंदिर सेवा समिति के द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव कथा ज्ञान यज्ञ के पुरुषोत्तम मास में श्रीमद्भागवत महापुराण कथा पर तीसरे दिन दूर दराज से आए नेत्र रोगियों के डा शरद बाजपेई ने सम्बोधित करते हुए कहा कि आज यह आंखों में बीमारी में तेजी से फ़ैल रहे आई फ्लू के मामलों में तेजी से गाफ बढ़ रहा है,बारिश के मौसम में नमी की बजह से कई तरह के बैक्टेरिया पनप रहे हैं इससे आई फ्लू जैसी घातक बीमारियों ने नगर में अपने पांव पसारने शुरू कर दिए हैं।इस बार पिछले साल केबाद केस तेजी से बढ़ रहे हैं और सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए सुबह से भीड़ , चूंकि बच्चों में हाईजीन का ध्यान नहीं रख पाते हैं इसलिए यह बीमारी बच्चों में ज्यादा फैलने का खतरा रहता है, ऐसे में बच्चों की सेहत का ध्यान देने की जरूरत है शिविर में नेत्र विशेषज्ञ डॉ अनुराग गुप्ता ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति या बच्चों के आंखों में दर्द,लाल हो तो यह आई फ्लू बीमारी के लक्षण है ऐसे बच्चों को एक सप्ताह स्कूल में शिक्षा ग्रहण करने के लिए मत भेजे ।यह एक से दूसरे की आंखों में फैलने का डर रहता है ।वहीं शिविर संयोजक रमेश सिहवानी ने कहा कि ऐसे मरीज भीड़ भाड़ वाले इलाकों में जाने से परहेज़ करें हाथों को समय-समय पर साफ करते रहे आंखों को छूने से भी परहेज़ करें आंखों में किसी भी तरह की समस्या हो तो नेत्र सर्जन से उचित परामर्श लें और अपना उपचार करें ।हर दिन दिन में हर दो घंटे में साफ पानी से आंखों को साफ कर दवा को डालें, परिवार के अन्य सदस्यों से अलग अलग स्थानों पर सोये साफ रुमाल से आंख को साफ करें। शिविर में बिल्लौर फतेहपुर, उन्नाव, शुक्लागंज घाटमपुर , शिवराज पुर,मन्धना, से आए मरीजों ने अपने आंखों की जांच कराई इस अवसर पर मुख्य रूप से सर्वश्री मगली प्रसाद त्रिवेदी, मरुफा बेगम, ममता गौड़, भारती साहू,बी पी मिश्रा रामचन्द्र बाजपेई, आदि मौजूद थे।

# चालिहा महोत्सव पर बहराणा साहब का पूजन, बंटे मीठे चावल



कानपुर। गोविन्द नगर में श्री झूलेलाल शिव मंदिर में बुधवार की शाम को श्री झूलेलाल जी की आरती के बाद बहराणा साहब का पूजन कर पाण्डव नदी में विसर्जित कर श्रद्धालु भक्तों में मीठे चावल का वितरण किया ।वहीं पर झूलेलाल भक्तों ने शाम कोआरती कर बहराणा साहब के पूजन के बाद चावल चना व फलों का वितरण किया। इस अवसर उन्होंने कहा कि 9अगसत से मंदिर में निशुल्क नेत्र जांच शिविर में ईसीजी सीवीसी,ब्लड शुगर ब्लड प्रेशर, ब्लड ग्रुप सहित सभी रोगो की जांच कि जाएगी, वहीं पूजन के बाद बहराणा साहब का पाण्डव नदी में प्रवाहित कर इस मौके पर मुख्य रूप से श्यामलाल मूलचंदानी, रमेश मुरझानी, दिनेश कुमार,राजू केशवानी, रमेश सिहवानी ,महेश लालवानी, बलराम रुपानी,बलराम कटारिया,लक्ष्मण दास,ने डांडिया नृत्य व ढोकला कर भजन कीर्तन करते हुए पाण्डव नदी में देर रात में बहराणा साहब का विसर्जन किया।

# सड़क सुरक्षा जीवन के लिए मोती है: आर टी ओ राजेश सिंह

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर ।दयानंद गर्ल्स पीजी कॉलेज में सड़क सुरक्षा पखवाड़े के अंतर्गत रैली एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि आरटीओ राजेश सिंह रहे। उन्होंने अपने वक्तव्य में छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा के नियम का पालन कर हम स्वयं की तथा राह पर चलने वाले अन्य व्यक्तियों की भी जान बचा सकते हैं। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि यातायात निरीक्षक राजवीर सिंह ने छात्राओं को यातायात के नियमों तथा सड़क सुरक्षा से संबंधित आंकड़ों व नियमों के बारे में विस्तार पूर्वक बताते हुए उन्हें रोड सेफ्टी की शपथ दिलवाई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नमामि गंगे विभाग भाजपा प्रदेश संयोजक श्री कृष्णा दीक्षित ने शासन प्रशासन तथा महाविद्यालय द्वारा रोड सेफ्टी क्लब का गठन कर रैली विभिन्न प्रतियोगिताओं विचार गोष्ठियों आदि गतिविधियों के द्वारा इस दिशा में फैलाई जा रही जनजागरूकता की भूरीङ्कभूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि यह योजना भविष्य में सड़क दुर्घटनाओं में तेजी से कमी लाने के लिए अत्यंत कारगर साबित होगी।इस अवसर पर महाविद्यालय से ग्रीन पार्क स्टेडियम तक एक जागरूकता रैली भी निकाली गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्या प्रो अर्चना वर्मा ने, अतिथियों का स्वागत आइ क्यू ए सी इंचार्ज प्रो वंदना निगम ने तुलसी के पौधे भेंट कर किया।कार्यक्रम का संचालन रोड सेफ्टी क्लब की इंचार्ज तथा महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ संगीता सिरोही के द्वारा, दीप प्रज्वलन एनसीसी इंचार्ज डॉ मनीष पांडे के द्वारा तथा हॉल व्यवस्था रोवर्स रेंजर्स की प्रभारी प्रो सुमन सिंह के द्वारा की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यालय अधीक्षक श्री कृष्णेंद्र कुमार श्रीवास्तव, प्रो स्वाति सक्सेना, डॉ अर्चना दीक्षित, डॉ अंजना श्रीवास्तव, श्रीमती श्वेता गोंड, इलेक्ट्रीशियन रामचंद्र, नरेश कुशवाहा, कु पवित्रा व श्रीमती लक्ष्मी समेत समस्त शोधार्थियों तथा छात्राओं की विशेष भूमिका रहीं।

## डॉ सी एल मौर्य कृषि महाविद्यालय हरदोई के डीन नियुक्त

कानपुर। सीएसए के कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह ने शिक्षण कार्यों में गतिशीलता के दृष्टिगत डॉ सी एल मौर्य को कृषि महाविद्यालय हरदोई का डीन नियुक्त किया है।ज्ञातव्य हो कि उत्तर प्रदेश सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट के अंतर्गत राजकीय कृषि महाविद्यालय की स्थापना की गई है जो कृषि विश्वविद्यालय कानपुर का एक अंगी भूत महाविद्यालय हो चुका है।विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ खलील खान ने बताया कि इस कृषि महाविद्यालय में वर्ष सत्र 2023ङ्क24 में स्नातक कृषि का पठन-पाठन कार्य शुरू किया जाना है। तथा इस महाविद्यालय हेतु 60 सीटें निर्धारित की गई है।जिस पर प्रवेश प्रक्रिया जारी है।

# पूर्वी समर्पित फ्रेट कॉरिडोर पर प्रधान कार्यकारी निदेशक इन्फ्रा द्वारा मैराथन 1000 किमी. विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया गया

**बीपीएस न्यूज**



कानपुर। श्री मुकुल सरन माथुर, प्रधान कार्यकारी निदेशक इन्फ्रा-रेलवे बोर्ड ने प्रयागराज में डीएफसीसीआईएल के ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर(ओसीसी) का निरीक्षण किया। ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर (ओसीसी) में निदेशक (परिचालन और व्यवसाय विकास) ने मालगाड़ी संचालन के लिए ओसीसी में उपयोग किए गए सभी तकनीकी विकास युक्त उपकरणों के बारे में जानकारी दी। इसमें वीडियो वॉल पर गाड़ियों की लाइव स्ट्रीमिंग, हॉट एक्सल डिटेंशन सिस्टम, मशीन दृष्टि आधारित निरीक्षण सिस्टम, ओवरहेड उपकरणों को नियंत्रित करने के लिए SCAD प्रणाली सम्मिलित हैं।इस दौरान कार्यकारी निदेशक इन्फ्रा, रेलवे बोर्ड, निदेशक (परिचालन एवं व्यवसाय विकास) डीएफसीसीआईएल, निदेशक (परियोजना व योजना), कार्यकारी निदेशक परियोजना प्रबंधन, कार्यकारी निदेशक परिसंपत्ति प्रबंधन, मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज, सीजीएम/एसएंडटी/प्रयागराज (पूर्व), जीएम/समन्वयन /प्रयागराज (पश्चिम), महाप्रबंधक/सुरक्षा, अपर महाप्रबंधक/ परिचालन और व्यवसाय विकास / प्रयागराज, संयुक्त महाप्रबंधक/ओपी एवं बीडी/कारपोरेट कार्यालय, वरिष्ठ संभागीय संचालन प्रबंधक /सीओ/ प्रयागराज, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता संचालन, के साथ भारतीय रेलवे और डीएफसी के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे ।इसके पश्चात श्री मुकुल सरन माथुर ने प्रयागराज (न्यू मनौरी) से न्यू बोराकी (599 Kms) तक निरीक्षण गाड़ी से मैराथन विंडो इंस्पेक्शन किया। अपने दो दिवसीय दौरे के अंतर्गत दिनांक 26.07.2023 को श्री मुकुल सरन माथुर, प्रधान कार्यकारी निदेशक इन्फ्रा- रेलवे बोर्ड ने न्यू दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन स्टेशन का निरीक्षण किया।इसी क्रम में उन्होंने निरीक्षण गाड़ी से न्यू दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन स्टेशन से न्यू सोन नगर जंक्शन (112 Kms) और न्यू सोन नगर जंक्शन से प्रयागराज (289 Kms) तक विंडो इंस्पेक्शन किया।इस दौरान सभी स्टेशनों की जानकारी ली और साथ में भविष्य में गाड़ियों को बढ़ाने के लिए प्रबंध निदेशक, डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड और वरिष्ठ रेलवे और डी एफ़ सी अधिकारियों के साथ वार्तालाप की। इसके लिए न्यू चिरैलापाथु में लूप लाइंस/स्टैब्लिंग लाइन का निर्माण, वर्तमान में डी एफ़ सी और इंडियन रेल्वे के कनेक्टिंग लाइन पर दोहरीकरण के कार्यों को पूर्ण करना, जैसे चुनार-न्यू डगमगपुर, शुजातपुर-न्यू शुजातपुर, भीमसेन-न्यू भीमसेन आदि विषयों पर चर्चा की। निरीक्षण के क्रम में न्यू कानपुर में डीएफसीसी द्वारा चालक दल, ट्रेन प्रबंधकों के आराम करने के लिए 06 घर (अस्थायी) की व्यवस्था की पीईडी इन्फ्रा द्वारा जांच की गई।न्यू भदान स्टेशन कनेक्टिंग लाइन पर दोहरीकरण का कार्य पूर्ण होने पर एटा जवाहरपुर पावर प्लांट के लिए झारखंड से आया हुआ कोयला विद्युत आपूर्ति के लिए बिजली घर को प्रदान होगा जिससे आस-पास के क्षेत्रों को निर्बाध बिजली आपूर्ति प्रदान हो सकेगी। एटा जवाहरपुर पावर प्लांट के साथ कनेक्टिविटी के लिए न्यू बरहन जंक्शन के नाम से एक नया स्टेशन भी डीएफ़सी पर प्रस्तावित है। प्रधान कार्यकारी निदेशक इन्फ्रा-रेलवे बोर्ड ने रोलिंग स्टॉक की जांच में प्रौद्योगिकी आधारित नवाचारों की स्वीकृति का स्वागत किया। उन्होंने न्यू दाउध खान में मशीन विजन आधारित निरीक्षण प्रणाली के कार्य की प्रशंसा की। उन्होंने उत्तर मध्य रेलवे के विभागाध्यक्षों और महाप्रबंधक के साथ बैठक के दौरान भविष्य की माल भाड़े की दरों से संबंधित कार्यप्रणाली पर काम करने पर भी जोर दिया। साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय रेल योजना 2030 द्वारा परिकल्पित और तैयार किए गए माल ढुलाई के लक्ष्यों को प्राप्त करने की वर्तमान में लोडिंग्स की क्षमता को बढ़ाने पर जोर दिया। सोनांगर-दादरी खंड के चालू होने पर, यह माना जा रहा है कि भारतीय रेलवे ट्रैक पर चलने वाली सभी मालगाड़ियों जो पूर्व मध्य रेलवे और उत्तर मध्य रेलवे से आएंगी उन्हे ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के ऊपर पूर्णत: ले जाया जाएगा। अब न केवल यात्री ट्रेनों के संचालन के लिए भारतीय रेलवे की पटरियों पर भीड़ कम होगी, बल्कि विशेष ट्रेनों के संचालन के लिए अतिरिक्त आय भी अर्जित होगी। इसके साथ ही महा कुम्भ मेले में अतिरिक्त यात्री ट्रेनों का संचालन सुगम रूप से किया जा सकेगा।

# अब मीडिया का सहारा लिया है कि इस फर्जीवाड़े का खुलासा हो जाए

## डिप्टी सीएम ने जाणता राजा का पोस्टर व वेबसाइट की प्रदर्शित, एक बार फिर अक्तूबर में होगा महानाट्य का मंचन

**बीपीएस न्यूज**



कानपुर। मर्चेंट चैंबर हॉल में शुक्रवार को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने जाणता राजा महानाट्य का पोस्टर और वेबसाइट लांच किया। दूसरी बार जाणता राजा महानाट्य का आयोजन किया जा रहा है। इसकी तैयारी जोरों पर चल रही है।छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित एशिया का सबसे बड़ा जीवंत महानाट्य जाणता राजा का आयोजन शहर में एक बार फिर होने जा रहा है। इससे पहले 2018 में हुआ था। अब अक्तूबर के पहले सप्ताह में 1 से 7 अक्तूबर को होगा। आयोजकों की ओर से शुक्रवार को मर्चेंट चैंबर हॉल में आयोजन किया गया। इसमें अनिल ओक, आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. उमेश पालीवाल, सचिव नीतू सिंह, वीरेंद्र जीत सिंह, श्रीराम समेत अन्य लोगों ने शिवाजी के जीवन पर आधारित नाटक का पोस्टर लांच किया। इसके साथ ही वेबसाइट भी लांच की। जिससे नाटक को देखने के लिए लोग वेबसाइट से ऑनलाइन अपना रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे ।इस दौरान उनके साथ शहर के विधायक और संघ के पदाधिकारियों के साथ अन्य प्रतिष्ठित लोग मौजूद रहे।


# शातिर मोबाइल लूटेरे को पुलिस ने धर दबोचा

कानपुर । राह चलते लोगों के मोबाइल फोन लूटने वाले शातिर लुटेरे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गये अभियुक्त के पास से लूटा हुआ मोबाइल बरामद हुआ है। अभियुक्त का एक साथी अभी फरार चल रहा है। पकड़े गये अभियुक्त की पहचान अजय निषाद पुत्र रामप्रकाश निषाद पुराना कानपुर

ख्योरा नबाबगंज उम्र करीब 27 के रूप में हुई।अभियुक्त को भादवि0 आईपीसी से अवगत कराते हुये हिरासत पुलिस मे लिया गया। अभियुक्त का एक साथी अभिषेक उर्फ कडुवा तेल पुत्र गिन्नीलाल हालपता मौहल्ला धोबियाना निकट मानसिला मंदिर ख्योरा शहर पीएस कोहना अभी फरार है। अभियुक्त की गिफ्तारी के लिये प्रयास जारी हैं ।नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्त अजय निषाद पुत्र रामप्रकाश निषाद पुराना कानपुर ख्योरा नबाबगंज उम्र करीब 27 वर्ष आपराधिक इतिहास-मु0अ0सं0 धारा आईपीसी थाना रावतपुर माल बरामदगी हुयी है।

# महिला की हत्या में फरार 15 हजार का इनामिया गिरफ्तार

**बीपीएस न्यूज**



कानपुर । व्यापारिक प्रतिस्पर्धा में कार से कुचलकर महिला की हत्या करने वाले 15 हजार के इनामी अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना में शामिल अन्य अभियुक्तों को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी हैअभि गयाप्रसाद पुत्र शंकर लाल नि0 नटवन टोला कच्ची बस्ती उसमानपुर थाना हनुमन्त बिहार कानपुर नगर मूलपता ग्राम रंजीतपुर थाना घाटमपुर कानपुर नगर उम्र करीब 40 वर्ष को गिरफ्तार किया गया उक्त अभियुक्त काफी दिनों से फरार चल रहा था इसकी गिरफ्तारी के काफी प्रयास किये जा रहे थे किन्तु अभियुक्त अपनी गिरफ्तार से बच,रहा था। पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल द्वारा 15,000 का इनाम घोषित किया था ।अपराध का तरीका गयाप्रसाद ने बताया कि हम लोगो की मनोज से मित्रता है में भी मनोज की दुकान पर जूस पीने आता था तभी मनोज ने हम लोगों से कहा था कि यह बगल वाली महिला बहुत कमाती है किन्तु मुझे नही समझती है इसको एक दिन रास्ते से हटाना है साहब 08 जून को हम लोग जूस की दुकान पर आ गये थे शाम को बादे के मुताबिक एक बिना नम्बर की कार अभय कुमार लेकर आ गया था जब महिला अपने लड़को के साथ दुकान बन्द करके लड़को के साथ चली गयी तब मनोज ने गाडी चलायी हम लोग गाड़ी में पीछे बैठे थे अभय गाड़ी में मनोज के बगल वाली सीट पर बैठा था और मरियमपुर चौराहे के पास मनोज ने उस महिला को गाडी से टक्कर मार दी फिर मनोज गाडी लेकर तेज गति से वहां से चला गया तो बाद में जानकारी हुई के यह महिला मर गयी ।अभियुक्त की पहचान गयाप्रसाद पुत्र शंकर लाल नि0 नटवन टोला कच्ची बस्ती उसमानपुर थाना हनुमन्त बिहार कानपुर नगर मूलपता ग्राम रंजीतपुर थाना घाटमपुर कानपुर नगर उम्र करीब 40 वर्ष गिरफ्तार करने वाली टीम एसओ कौशलेन्द्र प्रताप सिंह, उ0नि0 कविन्द्र खटाना, हे0का डीशू भारती का नवीन कुमार का दिनेश कुमार शामिल रहे ।

# समझौता ज्ञापन पर हुए हस्ताक्षर

कानपुर। सीएसए एवं एचबीटीयू कानपुर ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह हस्ताक्षर सीएसए कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह एवं एचबीटीयू कुलपति डॉ शमशेर सिंह के मध्य हुए हैं। कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह ने समझौता ज्ञापन के बारे में बताया कि एचबीटीयू की अनुसंधान और शिक्षण सुविधाओं का उपयोग करने में सक्षम होंगे ।इसके तहत दोनों संस्थानों में विद्यमान प्रयोगशाला, पुस्तकालय, शिक्षण एवं शोध सुविधाओं का आपस में उपयोग कर सकेंगे। इस समझौता के तहत दोनों विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक ज्ञान व सूचना का आदान प्रदान होगा। विश्वविद्यालय की ओर से विकसित प्रौद्योगिकी दोनों संस्थान प्रसारित करेंगे। देश एवं प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण तकनीकों का आदान-प्रदान तथा मूल्य वर्धित प्रौद्योगिकियों उत्पादों का प्रबंधन भी होगा।

# पेरिस 2024 ओलंपिक की मशाल



**डिजाइनर मैथ्यू लेहनूर, पेरिस खेलों के तीन प्रतीकों: समानता, जल और शांति से प्रेरित थे.**

**16 अप्रैल, 2024:** ग्रीस के ओलंपिया में सूरज की किरणों से जलती मशाल। ओलंपिक मशाल रिले के दौरान 10,000 लोग मशाल लेकर चलेंगे.

**26 जुलाई:** मशाल फ्रांस के पेरिस में उद्घाटन समारोह में पहुंची.




**2,000 मशालें उत्पादित:** पुनर्नवीनीकरण और नवीकरणीय स्रोतों से आर्सेलर मित्तल एक्सकार्ब स्टील से निर्मित




**ऊपरी भाग:** पॉलिश किया गया ताकि आसपास की रोशनी वापस लौट आए

**निचला भाग:** लहरों की छवि शांति व्यक्त करती है और सीन नदी के लहरदार पानी को दर्शाती है.

| | |
|---|---|
| लंबाई: | 70 सेमी |
| न्यूनतम व्यास: | 3.5 सेमी |
| अधिकतम व्यास: | 10 सेमी |
| वज़न: | 1.5 किग्रा |
| ईंधन: नवीकरणीय बायोप्रोपेन | |





**हर मौसम के लिए उपयुक्त मशाल:** आग की लपटें ऊपर की ओर बढ़ने से पहले साइड में छेद के माध्यम से रिसती हैं।
खराब मौसम में, आग की लपटें केवल धीमी होंगी लेकिन बुझेंगी नहीं.

# यहां लाश मांगती है पैसा! करती रहती है इंतजार



भारत प्रथाओं का देश है. यहां कई प्रथाएं ऐसी हैं जो कई सौ सालों से चली आ रही हैं. लगभग सभी समाजों में बड़े-बुजुर्ग प्रथा को कानून की तरह मानते हैं. भारत ही नहीं कई अन्य देश के कई समाज भी प्रथाओं पर ही किसी विषय का निर्णय लेते हैं. समय के साथ कुछ रीति-रिवाज खत्म होने की कगार पर हैं. जागरुक होने के बाज सभ्य समाज में इन प्रथाओं को जारी रखना जनता के साथ बहुत बड़ा अन्याय माना गया और इसे धीरे-धीरे समाप्त कर दिया गया. आज हम आपको एक ऐसे ही रिवाज के बारे में बताने जा रहे हैं.. जिसका नाम- 'मौताणा' है.

मौताणा प्रथा राजस्थान के दक्षिणी पश्चिमी भागों में प्रचलित हुआ करती थी. मौताणा दो शब्दों का जोड़ है. मौत जाहिर तौर पर मृत्यु को दर्शाता है और आना धन के लिए इस्तेमाल किया गया है.मौताणा प्रथा दक्षिण-पश्चिमी भागों के आदिवासी क्षेत्रों में गहरी जड़ें जमा चुकी है. राजस्थान के मेवाड़ क्षेत्र के राजसमंद, सिरोही, पाली, उदयपुर, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़ जिलों में इस प्रथा का जिक्र कभी न कभी सुनाई देता ही है.

इस प्रथा को मरने वाले के आश्रित को धन सहायता मुहैया कराने के लिए शुरू किया गया था. अप्राकृतिक, एक्सिडेंटल, असमय मृत्यु पर जिम्मेदारी शख्स को इस प्रथा के अनुसार मरने वाले के परिवार को पैसा देना होता था. पहले के जमाने मं राजस्थान के लोग बिखरे हुए थे और ये खेती-किसानी पर आश्रित नहीं थे. ऐसे में कई बार दो आदिवासी समूह एक-दूसरे पर हमला भी कर देते थे. इस मार-काट को खत्म करने के लिए ही मौताणा प्रथा को वजूद में लाया गया था. समूह के पंच बैठकर हत्या करने वाले पर मौताणा तय करते थे. दोनों पक्ष के एक मत पर आने तक रकम घटती बढ़ती रहती थी.

मौताणा तय होने तक लाश का अंतिम संस्कार नहीं किया जाता था. जब आरोपी पक्ष मौताणा पर राजी नहीं होता था तो लाश को उसके घर के दरवाजे पर रख दिया जाता था. आखिरी में आरोपी पक्ष को मौताणा देना ही पड़ता था. ऐसा नहीं था कि सिर्फ हत्या के मामले में ही मौताणा वसूला जाता था. अगर कोई व्यक्ति काम करते हुए खेत में मर जाए तो खेत मालिक को मौताणा देना पड़ता था. वाहन पर लिफ्ट देने वाले शख्स का अगर एक्सीडेंट हो जाए और लिफ्ट मांगने वाला मर जाए तो वाहन मालिक को मौताणा देना पड़ता था. कई मामलों में मौताणा दिए बिना संबंधित व्यक्ति को बख्शा नहीं जाता था.अगर कोई आरोपी शख्स मौताणा देने से इंकार करता था तो उसके खिलाफ चढ़ोतरा की कार्रवाई की जाती थी. चढ़ोतरा यानी आरोपी के घर पर भारी संख्या में लोग हथियारों से लैस होकर चढ़ाई कर देते थे. समय के साथ यह प्रथा धुंधली पड़ती चली गई है. लेकिन यदा-कदा मौताणा वसूलने के मामले सामने आते रहते हैं.

# भूतों ने रातों-रात कराया था इस मंदिर का निर्माण! जानें इसका रहस्य



भारत में लाखों मंदिर हैं. हर मंदिर की अपनी मान्यता और खास कहानी है. ऐसे में आपको जानकर इस बात की हैरानी होगी कि उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में सिम्भावली के दतियाना गांव में शिव का एक प्राचीन मंदिर मौजूद है. ऐसा माना जाता है कि ये मंदिर किसी इंसान या संस्था ने नहीं, बल्कि भूतों ने रातों रात बना डाला था. इस मंदिर को 'भूतों वाला' या लाल मंदिर के नाम से भी जाना जाता है.

ऐसा कहा जाता है कि ये मंदिर बनाते वक्त भूत इसे पूरा नहीं बना पाए थे. मंदिर का निर्माण करते वक्त सूर्योदय हो गया था और भूतों को मंदिर का शिखर बनाए बिना ही भागना पड़ा. साल 1980 में इस मंदिर के शिखर में कई दरारें पड़ गई, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने इसे फिर से बनवाया.स्थानीय लोगों की मानें, तो इस मंदिर में बहुत ज्यादा शक्ति है, यहां न जाने कितनी बार प्राकृतिक आपदाएं आई, लेकिन मंदिर जस का तस खड़ा रहा, इस पर कोई आंच तक नहीं आई.इस मंदिर की खास बात ये है कि इसे सीमेंट से नहीं, बल्कि लाल रंग की ईंटों से बनाया गया है. गांववालों की मानें तो हर तरह की आपदा से ये मंदिर उनकी रक्षा करता है. हालांकि, इतिहासकारों ने भूतों वाले इस मंदिर की बात को साफ तौर पर महज एक अफवाह बताया है. उनका कहना है कि मंदिर के पत्थरों को देखकर यह प्रतीत होता है कि यह तीसरी शताब्दी में गुप्ता साम्राज्य में बनाया गया है.

# मेडिकल कॉलेज के वॉशरूम में चुपके से बनायी गयी लड़की की नहाते हुए वीडियो!

कर्नाटक के उडुपी में एक प्रतिष्ठित मेडिकल संस्थान में पढ़ने वाली तीन लड़कियों को महिला शौचालय में एक अन्य छात्रा का वीडियो बनाने के बाद निलंबित कर दिया गया। रिपोर्टों के अनुसार, निलंबित लड़कियाँ ङ्क अलीमातुल शैफ़ा, शबानाज़ और आलिया ङ्क ने कथित तौर पर अपनी कॉलेज की साथी की नहाते वक्त और वॉशरुम का यूज करते वक्त वीडियो रिकॉर्ड की। इन तीनों लड़कियों ने वीडियो रिकॉर्ड करने के लिए महिलाओं के शौचालय में वीडियो कैमरे लगाए थे। जब घटना सामने आई तो निजता के उल्लंघन को लेकर अन्य छात्रों ने गुस्से में विरोध प्रदर्शन किया और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। इसके बाद ऑप्टोमेट्री इंस्टीट्यूट ने तीन छात्रों को निलंबित कर दिया। संस्थान के निदेशक के अनुसार, आरोपियों को दो कारणों से निलंबित किया गया था ङ्क पहला, वे कॉलेज में मोबाइल फोन लाए थे, जिस पर प्रतिबंध है, और दूसरा, उन्होंने इसका इस्तेमाल वॉशरूम में वीडियो फिल्माने के लिए किया था।

# कचरा बीनने वाली महिलाओं ने चंदा करके खरीदा लॉटरी टिकट, 250 रुपये में बन गईं 10 करोड़ की मालकिन




केरल की 11 मेहनतकश महिलाओं की किस्मत ने उन्हें सीधे करोड़पति बना दिया है. स्थानीय नगर पालिका की प्लास्टिक कचरा बीनने वाली इकाई में काम कर रही ग्यारह महिला कामगारों को कभी यह सपने में भी उम्मीद नहीं रही होगी जिस लाटरी टिकट को उनमें से प्रत्येक ने 25 रूपये से भी कम धन देकर खरीदा था, वह उन्हें 10 करोड़ रूपये का जैकपॉट दिलवा देगी.

**कचरा बीनते बीनते बनीं करोड़पति**

इन 11 महिलाओं ने कुल 250 रूपये देकर लाटरी का टिकट खरीदा था. जब यह खुशखबरी आई तो उस समय ये सभी 11 महिलाएं अपने हरे ड्यूटी वाले ओवरकोट में रबर के दस्ताने पहने हुए काम कर रही थीं. परप्पनंगडी नगरपालिका गोदाम में घरों से एकत्र किए गए प्लास्टिक कचरे को अलग करने के दौरान जैसे ही जैकपॉट जीतने की खबर मिली तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा.

**मानसून बंपर के रूप में 10 करोड़ का पुरस्कार**

केरल लॉटरी विभाग ने घोषणा की कि महिलाओं द्वारा पैसे इकट्ठा करने के बाद खरीदे गए टिकट पर उन्हें मानसून बंपर के रूप में 10 करोड़ रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा. इन महिलाओं के पास इतनी सामर्थ्य नहीं थी कि उनमें से कोई अकेले ही 250 रूपये का लाटरी का टिकट खरीद सके.

विजेताओं में से एक राधा ने कहा 'जब हमें अंततः पता चला कि हमने जैकपॉट हासिल कर लिया है तो हमारे उत्साह और खुशी का कोई ठिकाना नहीं रहा. हम सभी जीवन में कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं और यह पैसा कुछ हद तक हमारी समस्याओं को हल करने में मदद करेगा.'

**बधाई देने को उमड़ी भीड़**

परप्पनंगडी नगर पालिका द्वारा शुरू की गई हरित पहल- हरित कर्म सेना के तहत कार्यरत इन महिलाओं को उनके काम के अनुसार 7500 रुपये से 14000 रुपये के बीच वेतन मिलता है. हरित कर्म सेना घरों और प्रतिष्ठानों से जैविक रूप से अपघटित नहीं होने वाले कचरे को इकट्ठा करती हैं जिसे बाद में पुनर्चक्रण के लिए विभिन्न इकाइयों में भेजा जाता है.

नगर पालिका में हरित कर्म सेना की अध्यक्ष शीजा ने कहा कि भाग्य ने इस बार सबसे योग्य लोगों पर कृपा की है. उन्होंने कहा कि सभी पुरस्कार विजेता बहुत मेहनती हैं और अपने परिवार के भरण-पोषण करती हैं.

**दूसरी बार में मिली कामयाबी**

विजेता महिलाओं में से कई लोगों को अपना कर्ज चुकाना है, बेटियों की शादी करनी है या अपने प्रियजनों के इलाज का खर्च उठाना है. उन्होंने कहा कि वे सब बहुत ही साधारण घरों में रहती हैं और जीवन की कठोर वास्तविकताओं से जूझ रही हैं. दिलचस्प बात है कि यह दूसरी बार है जब महिलाओं ने टिकट खरीदने के लिए आपस में पैसे जुटाए थे.

# सीमा' पार कर भारत आने में कांप रही अंजू! अंजू को है इस बात का डर




अवैध रूप से भारत में दाखिल हुई सीमा हैदर का मामला अभी शांत होने का नाम नहीं ले रहा है. इसी बीच खबर आई कि भारत की अंजू पाकिस्तान चली गई. मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो अपने फेसबुक प्यार को पाने के लिए अंजू भारत से पाकिस्तान में दाखिल हुई है. हाल ही में मीडिया को दिए एक इंटरव्यू में अंजू ने पाकिस्तान के हालात बताए हैं. अंजू का कहना है कि वह अब भारत नहीं आ सकती है. अगर वह भारत आती है तो उसे कोई एक्सेप्ट नहीं करेगा. वह किस मुंह से भारत आएगी! अंजू ने ये भी दावा किया कि वह पाकिस्तान में बिल्कुल सुरक्षित है. उसे वहां किसी तरह का कोई खतरा नहीं है.

**पति और बच्चों को छोड़कर गई पाकिस्तान**

आपको बता दें कि 21 जुलाई को राजस्थान के भिवानी की रहने वाली अंजू अपने पति और दो बच्चों को छोड़कर वाघा बॉर्डर के रास्ते पाकिस्तान में दाखिल हुई, जहां लाहौर से उसे रिसीव करने के लिए उसका फेसबुक फ्रेंज नसरूल्लाह आया. अंजू ने अपने पति से झूठ बोला कि वह जयपुर अपने एक सहेली के पास जा रही है. वहीं, जिस कंपनी में अंजू काम किया करती थी, वहां अपने को वर्कर से कहा कि वह गोवा अपनी बहन के पास जा रही है.

**वाघा बॉर्डर पार कर गई पाकिस्तान**

दिल्ली, अमृतसर और वाघा बॉर्डर से होते हुए पाकिस्तान के लाहौर पहुंची अंजू ने अपने पति को बताया कि वह लाहौर पहुंच गई है. हालांकि, पति का कहना है कि पाकिस्तान जाने के लिए अंजू को वीजा और पासपोर्ट के साथ अन्य जरूरी सामान कहां से मिले, उसे इसकी कोई जानकारी नहीं है. मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो पाकिस्तान जाकर अंजू ने इस्लाम कबूल कर लिया है. इस्लाम के आधार पर अंजू का नाम बदलकर फातिमा रख दिया गया है.

**अंजू को है इस बात का डर**

अंजू से एक भारतीय मीडिया चैनल ने सवाल किया कि वह भारत आने के बारे में क्या सोचती हैं. इस पर अंजू ने कहा कि मेरे बारे में क्या-क्या दिखाया जा रहा है, मुझे सब पता है. मैं वापस आने लायक नहीं बची हूं. अगर मैं वापस आती हूं तो ना मुझे कोई रिश्तेदार एक्सेप्ट करेगा, ना मेरे बच्चे मुझे अपनाएंगे.

# पाकिस्तान में इश्क लड़ाने पहुंची भारत की अंजू! तो बाप ने कहा- मर गई बेटी

अवैध तरीके से भारत आई पाकिस्तानी महिला सीमा हैदर का मामला इन दिनों सुर्खियों में है. इसी बीच खबर मिली कि भारत की अंजू भी फेसबुक प्यार को पाने के लिए पाकिस्तान चली गई, जहां उसकी मुलाकात नसरुल्लाह नाम के एक मुस्लिम शख्स से हुई. बेटी की इस करतूत पर पिता गया प्रसाद थॉमस का बयान आया है. उन्होंने कहा है कि जैसे ही अंजू भारत से पाकिस्तान गई, वैसे ही वो परिवार के लिए मर गई. बेटी के इस कारनामे पर दुख जताते हुए पिता ने कहा कि पूरे परिवार के लिए अंजू अब मर चुकी है.

अंजू के पिता गया प्रसाद थॉमस ने आगे कहा कि अब अंजू को भारत आने का कोई अधिकार नहीं है. अगर वो भारत आती है तो उसे कड़ी से कड़ी सजा दी जाए. अंजू ने जो भी काम किया वो गलत है और इस तरह का काम करने वाले सभी लोगों को सजा देनी चाहिए. गौरतलब है कि अंजू की शादी पहले भी हो चुकी है और उसके दो बच्चे भी हैं. राजस्थान के भिवाड़ी की रहने वाली अंजू अपने दो बच्चों को छोड़कर पाकिस्तान चली गई. इस पर पिता ने कहा कि अब बच्चों पर अंजू का कोई हक नहीं है. पिता गया प्रसाद ने कहा कि भारत एक सम्मानित देश है, बेटी कृत से वे शर्मिंदा हैं और इसके लिए उन्होंने सरकार से माफी मांगी है.

अंजू के पति अरविंद कुमार ने बताया कि पाकिस्तान जाने से पहले उसने कहा था कि वो जयपुर अपने एक दोस्त से मिलने जा रही है. इसके बाद वॉयस कॉल पर इस बात की जानकारी दी कि वो लाहौर में है. पति ने आगे कहा कि उसे ये नहीं पता कि अंजू लाहौर कैसे गई और इसके लिए उसके पास वीजा या अन्य जरूरी सामान कहां से आया? पति अरविंद कुमार के मुताबिक, अंजू ने उससे कहा था कि वो 2 से 3 दिन के भीतर वापस आ जाएगी. अंजू के पिता गया प्रसाद का कहना है कि बेटी की इस हरकत की वजह से पूरे परिवार पर कलंक लग गया है.

# पाकिस्तान जाने से बाल-बाल बची एक और 'अंजू'

इन दिनों एक अजीब सा ट्रेंड ये बन गया है कि अगर कहीं पर कोई एक घटना घटती है. कोई कहानी या मामला सामने आता है तो फिर लगातार उसी पैटर्न पर मिलती जुलती घटनाएं देखने को मिलती रहती हैं. जब से सीमा और अंजू की कहानी सामने आई है, तब से बॉर्डर पार की कई लव स्टोरीज सामने आने लगी हैं. यहां बात 16 साल की उस नाबालिग लड़की की जो प्यार के चक्कर में पाकिस्तान जाकर दूसरी 'अंजू' होने से बच गई.राजस्थान से पाकिस्तान पहुंची अंजू की जिसकी स्टोरी पाकिस्तान में उसी तरह से हिट है जैसे भारत में सीमा हैदर की प्रेम कहानी महीने भर से गली चौराहों से लेकर सोशल मीडिया के अड्डों की रौनक थी. ऐसा ही एक मामला राजस्थान के जयपुर में सामने आया जहां एयरपोर्ट से समय रहते एक लड़की को गलत कदम उठाने से रोक लिया गया. वरना बिना वीजा-पासपोर्ट के पाकिस्तान जाने के चक्कर में उसकी जिंदगी खराब हो जाती.



सीमा हैदर-सचिन, अंजू-नसरुल्ला, बारबरा-शादाब के बाद एक और नई प्रेम कहानी सुर्खियों में है. जयपुर एयरपोर्ट से 16 साल की किशोरी पकड़ी गई है, जो पाकिस्तान भागने की फिराक में थी. इस लड़की के प्रेमी का नाम असलम लाहौरी है जिससे उसकी दोस्ती इंस्टाग्राम पर हुई. आगे बात बढ़ी तो दोनों में प्यार-व्यार की बातें हुईं फिर एक दिन जज्बातों में आकर उसने पाकिस्तान जाने का फैसला कर लिया.

**प्यार या साजिश**

लाहौरी ने उसे प्यार में फंसाकर एयरपोर्ट जाने की सलाह दी. उसके कहने पर नाबालिग लड़की एयरपोर्ट पहुंची. उसने पाकिस्तान का टिकट मांगा. पर उसके पास पासपोर्ट या वीजा नहीं था. जिसके बाद उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई. एयरपोर्ट थाना के एसएचओ ने बताया कि सीकर के श्रीमाधोपुर निवासी लड़की बिना किसी कागजात के शुक्रवार को पाकिस्तान जाने के लिये जयपुर हवाई अड्डे पहुंची थी. जिसने पूछताछ में बताया कि वह इंस्टाग्राम पर दोस्त बने एक युवक से मिलने के लिये पाकिस्तान जाने के लिए एयरपोर्ट आई थी. उसके पास कोई कागजात नहीं थे. वहीं, जयपुर से पाकिस्तान के लिये कोई उड़ान वैसे ही नहीं है. लड़की के परिजनों को खबर दे दी गई है.

**एक साल की दोस्ती में लड़के ने फंसाया!**

लड़की ने पुलिस को बताया कि दोनों एक साल से संपर्क में थे. इस ऑनलाइन लव स्टोरी में पाकिस्तानी लड़के ने झूठी कहानी बुनी. वहां पहुंचने पर आपको अपना नाम, काम और कैसे आईं ये सब बताना है. उसने कहा था कि पाकिस्तान आने के बाद वो उसका पूरा खर्च उठाएगा. लड़की ने ये भी कहा कि वो सीमा हैदर या अंजू से प्रेरित नहीं है. उसकी बस चैटिंग होती थी जिसकी अब पुलिस और जांच एजेंसियां पड़ताल करेंगी. ऐसे में अब बहुत से लोगों का ये कहना है कि ऐसी घटनाएं वाकई प्यार हैं या कोई साजिश ये कहा जाना अभी मुश्किल है.

# कमलनाथ के गढ़ में कथा सुनाएंगे धीरेंद्र शास्त्री, कार्यक्रम में शामिल होंगे पूर्व सीएम



चुनावी राज्य मध्य प्रदेश में कांग्रेस 5 से 7 अगस्त तक छिंदवाड़ा जिले के सिमरिया गांव में बागेश्वर धाम के मुख्य पुजारी धीरेंद्र शास्त्री की मेजबानी करने की तैयारी कर रही है। छिंदवाड़ा राज्य कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ का गढ़ है। बताया जा रहा है कि इस कार्यक्रम में खुद कमलनाथ शामिल होने वाले हैं। अपने बेटे नकुल के साथ कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसकी तैयारी अभी से ही शुरू हो चुकी है। पीली साड़ियों में महिलाएं निमंत्रण के साथ चावल के पैकेट बांट रही हैं, स्कूली बच्चे रामायण परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं, और एक हजार से अधिक स्वयंसेवक एक विशाल जलरोधक गुंबद को खड़ा करने के लिए ओवरटाइम काम कर रहे हैं।

बागेश्वर बाबा के नाम से मशहूर 27 वर्षीय शास्त्री के उपदेश अक्सर विवादास्पद बयानों की वजह से चर्चा में रहते हैं। वह नियमित रूप से हिंदू राष्ट्र की स्थापना की मांग करते हैं और छतरपुर जिले में अपने गृह आधार बागेश्वर धाम में घर वापसी कार्यक्रम आयोजित करते हैं। इस साल की शुरुआत में कथित तौर पर तर्कवादी श्याम मानव द्वारा दी गई चुनौती से बचने के बाद वह सुर्खियों में आने से पहले तक वह वस्तुतः एक अज्ञात व्यक्ति थे। इसके बाद, उनका राजनीतिक दबदबा बढ़ गया क्योंकि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा और नाथ जैसे वरिष्ठ राजनीतिक नेताओं ने उनसे मुलाकात की।

शास्त्री, जिनकी लोकप्रियता उनकी सोशल मीडिया पहुंच से बढ़ी है, के मध्य प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र में बड़ी संख्या में अनुयायी हैं, जहां हजारों लोग उनके उपदेशों में भाग लेते हैं। साल के शुरूआत में भी जब धीरेंद्र शास्त्री सुर्खियों में थे, तब कांग्रेस नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने उसने मुलाकात की थी। मुलाकात के दौरान कमल नाथ और पंडित धीरेन्द्र शास्त्री ने निजी चर्चा भी की थी। बताया जा रहा है कि आयोजन स्थल पर 2.50 लाख लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है। साथ ही लगभग 30 हजार महिलाएं कलश यात्रा में शामिल होंगी।

# ज्ञानवापी : 3 अगस्त को सुनाया जाएगा फैसला, हाईकोर्ट ने कहा- तब तक जारी रहेगा अंतरिम आदेश

ज्ञानवापी एएसआई सर्वे मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट में तीसरे दिन सुनवाई हुई। सभी पक्षों को सुनने के बाद इलाहबाद हाई कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। मुख्य न्यायाधीश प्रीतिंकर दिवाकर ने कहा कि फैसला 3 अगस्त को सुनाया जाएगा। इसके साथ ही कोर्ट ने कहा कि अंतरिम आदेश 3 अगस्त तक जारी रहेगा। यानी एएसआई सर्वे पर स्टे 3 अगस्त तक जारी रहेगा। आज सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने पूछा कि अब, मुख्य निर्णय कौन सा है जिस पर आप भरोसा कर रहे हैं। जवाब में हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने कहा कि मुख्य मामले जिनका मैंने कल हवाला दिया था। मुद्दा यह है कि अंजुमन इंतेज़ामिया के वरिष्ठों द्वारा जो भी निर्णय उद्धृत किए गए थे, उन पर इस अदालत ने अविश्वास किया है? सीजे ने अब जैन से अपनी दलीलें संक्षेप में बताने को कहा। जैन ने वरिष्ठ वकील नकवी का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने श्रीकांत मूलचंद मामले का हवाला दिया था, लेकिन इस अदालत ने कहा है कि फैसला गलत था। यह हर मामले में पालन किया जाने वाला नियम नहीं है। जैन ने कहा कि साक्ष्य प्राप्त करने के लिए आयोग का गठन बहुत अच्छी तरह से किया जा सकता है, जो अपनी विशिष्ट प्रकृति के कारण केवल घटनास्थल से ही प्राप्त किया जा सकता है।जवाब में मंदिर पक्ष की ओर से कहा गया कि सर्वे के बाद ही मंदिर के स्ट्रक्चर का सही पता चल सकता है। राम जन्मभूमि मामले में भी ऐसा सर्वे हुआ था, लेकिन सर्वे से किसी तरह का कोई नुकसान नहीं पहुंचा। इस पर कोर्ट ने डेमो से जानना चाहा कि सर्वे से कोई नुकसान तो नहीं होगा। तब एएसआई के अधिकारी को तलब किया गया।

# अवैध धर्मपरिवर्तन में संलिप्तता को लेकर एक ईसाई पुजारी गिरफ्तार

गाजियाबाद। जिले के मोदीनगर थानाक्षेत्र में पुलिस ने दलित समुदाय के लोगों के अवैध धर्म परिवर्तन में कथित संलिप्तता के आरोप में एक ईसाई पुजारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी की पहचान हापुड जिले के पीरनगर सुदाना गांव के निवासी महिंदर कुमार के रूप में हुई है। इस मामले में आशीष नामक व्यक्ति की शिकायत पर गिरफ्तारी की गई। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया गया था कि कुछ लोग पैसे के लिए गरीब लोगों पर ईसाई धर्म अपनाने के लिए दबाव डाल रहे हैं। इस मामले में मंहिदर कुमार और कुछ अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ 23 जुलाई को मोदीनगर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।अपर पुलिस आयुक्त (एसीपी- मोदीनगर) ज्ञान प्रकाश ने बताया कि कुमार अपनी पत्नी के साथ बेथलेहम गॉस्पेल नाम से एक ट्रस्ट चला रहे थे और उन्हें विदेशों से धन मिल रहा था, जिसका इस्तेमाल दलित वर्ग के गरीब लोगों को ईसाई धर्म अपनाने के लिए लुभाने के लिए किया जाता था। उन्होंने बताया कि कुमार हर रविवार को अपने एजेंटों द्वारा बताये गये लोगों से मिलने के लिए मोदीनगर के गांवों में जाते थे।

# जुलूस प्रदर्शन के साथ रूपम पांडे द्वारा स्वास्थ्य प्रणाली में सुधार के लिए चिकित्सा निदेशक को सौंपा गया था ज्ञापन




उत्तर मध्य रेलवे के केन्द्रीय हास्पिटल मे उत्तर मध्य रेलवे कर्मचारी संघ के स.महामंत्री रूपम पाण्डेय के नेतृत्व मे प्रदर्शन और जुलूस के साथ दिनांक 03/06/2023 को चिकित्सा निदेशक को स. महामंत्री रूपम पाण्डेय द्वारा ज्ञापन दिया था उस ज्ञापन मे निम्नलिखित मुद्दो पर कार्रवाई की गई-1- दवा वितरण प्रणाली मे सुधार किया गया पहले नर्मल काउंटर पर फिर छोटे स्टोर से फिर बची दवा बडे स्टोर से सभी जगह घण्टों की ला लगाकर दवा मिलती थी अब एक ही जगह सारी दवा मिल जाती है।2 एच.एम.आई.एस. ऐप पर डाक्टर का लाईव क्यू स्टैटस नही दिखता था, अब दिखने लगा है जिससे मरीज़ो को यह पता चल जाता है कि कितना नम्बर डाक्टर देख चुके है और कितनी देर मे मरीज का नम्बर आने वाला है वो अपने घर-आफिस से समय पर आ जाते है।

3 एच.एम.आई.एस. ऐप पर डाक्टर का आन लाईन नम्बर बार कोड स्कैन करके लगाया जा सकता है।4 विजिटिंग डाक्टर द्वारा पहले कम मरीजो को देखा जा रहा था अब सभी को देखा जाता है।5 कुछ विजिटिंग डाक्टर द्वारा अपना पर्सनल क्लीनिक चलाने के लिये मरीजो की जांच ठीक से नही करते थे और उनसे यह कहते थे कि उनकी क्लीनिक पर आये तो ठीक जांच होगी इस पर सुधार कराया गया।6 एक महिला डाक्टर द्वारा गर्भवती महिलाओ के साथ असभ्य व्यावहार और उनके दवा-जांच ठीक नही की जा रही थी इस मामले मे सुधार कराया गया।7 विजिटिंग डाक्टर द्वारा जानबूझकर ऐसी दवा लिखी जाती थी की उनमे से बहुत सी दवाये रेलवे हास्पिटल उपलब्ध नही करा पाता था, और मरीजो को दवा नही मिल पाती थी उनसे विजिटिंग डाक्टर ये कहते थे कि ये दवा उनके पर्सनल क्लीनिक से खरीद ले जिससे उनको फायदा हो, संघ के दबाव मे सुधार किया गया और दवाये मिलने लगी है। स.महामंत्री रूपम पाण्डेय ने बताया कि और ज्ञापन मे दी गई अन्य मांगो पर भी अतिशीघ्र कार्रवाई रेलवे हास्पिटल द्वारा किया जायेगा।

# जम्मू-कश्मीर में कृषि प्रौद्योगिकी स्टार्टअप के लिए अपार संभावनाएं



जम्मू-कश्मीर की भौगोलिक परिस्थितियां और जलवायु औषधीय एवं सुगंधित पौधों की खेती के लिए अनुकूल हैं। इसीलिए, यहाँ कृषि प्रौद्योगिकी स्टार्टअप की अपार संभावनाएं हैं। श्रीनगर में बुधवार को स्टार्टअप केंद्रित कश्मीर-एक्स्पो का उद्घाटन करते हुए केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी एवं पृथ्वी विज्ञान राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और पीएमओ, कार्मिक, लोक शिकायत, पेंशन, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष राज्यमंत्री, डॉ जितेंद्र सिंह ने यह बात कही है।

भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की पहल पर 09 से 11 नवंबर तक चलने वाली यह तीन दिवसीय प्रदर्शनी शेर-ए-कश्मीर विश्वविद्यालय में आयोजित की गई है। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान उर्दू और कश्मीरी में सात पुस्तकें और दो मासिक विज्ञान न्यूजलेटर्स – कश्मीरी में 'गाश' और उर्दू में 'तज्जसुस' का विमोचन भी किया गया।

कश्मीर-एक्स्पो का उद्देश्य स्थानीय युवाओं को स्टार्टअप की ओर आकर्षित करना है, जिससे जम्मू-कश्मीर और आसपास के क्षेत्रों में उद्यमिता और आत्मनिर्भरता के अवसरों को बढ़ावा मिल सके। इस आयोजन के माध्यम से स्थानीय संसाधनों के उपयोग पर आधारित स्टार्टअप उद्यमों और नवोन्मेषी युवाओं की क्षमता निर्माण के लिए प्रभावी मंच उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।

इस दौरान 50 स्टार्टअप्स अपने उत्पादों और सेवाओं का प्रदर्शन कर हैं, जिससे क्षेत्र के युवाओं को संसाधनों के कुशलतम उपयोग के लिए प्रेरित किया जा सके, और उनकी व्यक्तिगत क्षमता निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में उनके प्रभावी योगदान को सुनिश्चित किया जा सके। प्रदर्शित की जा रही स्टार्टअप/आजीविका परियोजनाओं में जम्मू-कश्मीर के साथ-साथ आसपास के राज्यों और देश के अन्य हिस्सों से आये लोग शामिल हैं।

डॉ जितेंद्र सिंह ने कश्मीर के लिए नवाचारों और स्टार्टअप्स में अधिक अवसर पैदा करने पर जोर दिया है। उन्होंने उल्लेख किया कि इस क्षेत्र में प्रचुर मात्रा में प्रतिभा और संसाधन हैं, लेकिन समय की आवश्यकता है कि इन संसाधनों का उपयोग लोगों के कल्याण के लिए किया जाए ताकि उनके जीवन को सुविधाजनक और आसान बनाया जा सके।

डॉ सिंह ने कहा, जैव-अर्थव्यवस्था राष्ट्र की आर्थिक समृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रही है। बहुत सारी प्रतिभाएँ आउटलेट खोज रही हैं, और कश्मीर एक्स्पो उन्हें वह आउटलेट प्रदान करने का अवसर लेकर आया है। युवाओं को अपनी प्रतिभा का उपयोग करना चाहिए और ऐसे अवसरों का लाभ उठाना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने उल्लेख किया कि कश्मीर कैसे कृषि स्टार्टअप्स का केंद्र बन सकता है, और भारत सरकार स्थायी आजीविका के लिए स्थायी स्टार्टअप बनाने के लिए किस प्रकार पहल कर रही है। उन्होंने कहा कि भविष्य युवाओं का है, और यह उन पर निर्भर है कि वे अपने भविष्य को और अधिक उत्पादक बनाएं।

डॉ जितेंद्र सिंह ने भविष्य के दृष्टिकोण के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को श्रेय दिया, जिन्होंने 2015 में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लालकिले की प्राचीर से स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया का आह्वान किया था, जिससे लोगों की अभिरुचि बढ़ी, और भारत में स्टार्टअप्स की संख्या, जो 2014 में केवल 350 थी, वह 2022 में बढ़कर 100 से ज्यादा यूनिकॉर्न के साथ 80 हजार के पार पहुँच चुकी है। केंद्रीय मंत्री ने कृषि प्रौद्योगिकी स्टार्टअप्स की स्थापना के लिए डीबीटी और सीएसआईआर के माध्यम से पूर्ण सहयोग देने की प्रतिबद्धता भी व्यक्त की है।

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव डॉ श्रीवरी चंद्रशेखर ने बताया कि कैसे इन स्टार्टअप्स को उनके नवाचारों के विपणन और रोजगार पैदा करने के लिए समर्थन दिया जाएगा। उन्होंने अपने क्षितिज का विस्तार करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया ताकि उनके उत्पाद क्षेत्र के बाहर पहुँच सकें।


कश्मीर केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. फारूक अहमद शाह ने पुस्तकों और समाचार पत्रों के प्रकाशन से संबंधित प्रयासों की सराहना की और आशा व्यक्त की है कि उर्दू और कश्मीरी में विज्ञान को लोकप्रिय बनाने के लिए इस तरह के उपयोगी तथा दिलचस्प संसाधन बढ़ेंगे।

विज्ञान प्रसार के निदेशक डॉ नकुल पाराशर ने न्यूजलेटर 'गाश' एवं 'तज्जसुस' सहित कश्मीरी और उर्दू में अन्य प्रकाशनों के माध्यम से कश्मीरी और उर्दू बोलने वाली आबादी तक पहुँचने के लिए स्कोप (स्ष्टश्क्क्ष्) परियोजना सचिवालय के प्रयासों को सराहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह की विज्ञान आधारित सामग्री को अधिक विकसित किया जाएगा, और उसे आम जनता के लिए सुलभ बनाया जाएगा, जिससे समाज को हर तरह से लाभ होगा।

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग से सम्बद्ध राष्ट्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी उद्यमिता विकास बोर्ड की प्रमुख एवं सलाहकार डॉ अनीता गुप्ता ने कहा है कि कश्मीर-एक्स्पो स्थानीय स्टार्टअप्स के उद्यमीय कौशल, अभिनव उत्पादों और नवाचारों को बड़े पैमाने पर लोगों तक पहुँचाने में भूमिका निभाएगा। डॉ गुप्ता ने कहा कि इस प्रदर्शनी में स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने के लिए सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा प्रदान की जाने वाली सहायता के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई है। इस अवसर पर, सौरभ भगत, सचिव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, जम्मू-कश्मीर; डॉ डी. श्रीनिवास रेड्डी, निदेशक, सीएसआईआर-आईआईआईएम, जम्मू; और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति, नव-प्रवर्तनकर्ता और उद्यमी, शोधार्थी और छात्र उपस्थित थे।

डॉ सिंह ने कहा, जैव-अर्थव्यवस्था राष्ट्र की आर्थिक समृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रही है। बहुत सारी प्रतिभाएँ आउटलेट खोज रही हैं, और कश्मीर एक्स्पो उन्हें वह आउटलेट प्रदान करने का अवसर लेकर आया है। युवाओं को अपनी प्रतिभा का उपयोग करना चाहिए और ऐसे अवसरों का लाभ उठाना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने उल्लेख किया कि कश्मीर कैसे कृषि स्टार्टअप्स का केंद्र बन सकता है, और भारत सरकार स्थायी आजीविका के लिए स्थायी स्टार्टअप बनाने के लिए किस प्रकार पहल कर रही है। उन्होंने कहा कि भविष्य युवाओं का है, और यह उन पर निर्भर है कि वे अपने भविष्य को और अधिक उत्पादक बनाएं।

# ग्राफिक डिजाइनिंग और एनिमेशन में कॅरियर बनाकर हर महीने कमा सकते हैं लाखों रुपए



एनीमेशन को एक चरित्र या एक वस्तु के लिए जीवन को साँस लेने की कला के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। यह मनोरंजन उद्योग और प्रौद्योगिकी का मिश्रण है, जो ग्राफिक रूप से समृद्ध और आकर्षक मल्टीमीडिया क्लिप के डिजाइन, ड्राइंग, लेआउट और उत्पादन से संबंधित है।एनीमेशन और ग्राफिक डिजाइनिंग इन दिनों सबसे अधिक मांग वाले कैरियर विकल्पों में से एक है। आज लगभग हर जगह कंप्यूटर ग्राफिक्स का इस्तेमाल होता है। इंजीनियरिंग, फैशन डिजाइनिंग, सिनेमा में एनीमेशन और ग्राफिक डिजाइनिंग का खूब इस्तेमाल होता है। इस डिजिटल दौर में कंपनियां या विभिन्न संस्थाएं प्रचार के कामों में या उत्पादों को बेहतर बनाने में ग्राफिक डिजाइन का इस्तेमाल करती हैं। वहीं, बाहुबली, कुंग फू पांडा और आइस एज जैसी फिल्मों की लोकप्रियता के साथ, एनीमेशन में करियर के बेहतरीन अवसर मौजूद हैं।

**क्या है एनिमेशन**

एनीमेशन को एक चरित्र या एक वस्तु के लिए जीवन को साँस लेने की कला के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। यह मनोरंजन उद्योग और प्रौद्योगिकी का मिश्रण है, जो ग्राफिक रूप से समृद्ध और आकर्षक मल्टीमीडिया क्लिप के डिजाइन, ड्राइंग, लेआउट और उत्पादन से संबंधित है।

**योग्यता**

एनीमेशन और ग्राफिक डिजाइनिंग के क्षेत्र में कॅरियर बनाने के लिए आप 12वीं पास करने के बाद आप ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट, डिप्लोमा कोर्स कर सकते हैं। इतना ही नहीं, आजकल कई तरह के प्रोफेशनल कोर्स भी उपलब्ध हैं।

**सैलरी-**

एक जूनियर एनिमेटर के और पर आप 8000-15000 प्रति माह कमा सकते हैं। वहीं, 3-5 साल के अनुभव के बाद सैलरी बढ़कर 25,000-75,000 रूपए तक हो सकती है। इसके साथ ही फ्रीलांस के तौर पर भी इस क्षेत्र में आप बहुत पैसा कमा सकते हैं। एनिमेशन की दुनिया में करने के लिए बहुत कुछ है। अगर आपमें हुनर और काम करने की इच्छा है तो आपको देश और विदेश दोनों जगह से काम करने का मौका मिल सकता है।

**जरूरी कौशल**

- रचनात्मकता
- अच्छा दृश्य कल्पना
- कलात्मक कौशल
- चित्र के माध्यम से विचार व्यक्त करने की क्षमता
- कंप्यूटर कौशल
- कहाँ मिलेगी नौकरी
- एक एनिमेटर के रूप में, आपको निम्नलिखित क्षेत्रों में काम करने का अवसर मिल सकता है-
- ऑनलाइन और प्रिंट समाचार मीडिया
- कार्टून उत्पादन
- विज्ञापन
- वीडियो गेमिंग
- थिएटर
- फिल्म और टेलीविजन
- ई-लर्निंग

# इस तरह से आप भी ले सकतें है amazon Prime मेंबरशिप बिल्कुल मुफ्त

आपने किसी भी एयरटेल, जियो या वीआई नंबर का इस्तेमाल किया होगा। इसके अतिरिक्त, उन्हें रिचार्जिंग की आवश्यकता होगी। इन व्यवसायों द्वारा कई कार्यक्रम पेश किए जाते हैं जो आपको एक मुफ्त अमेज़न प्राइम सदस्यता प्रदान करते हैं।

अमेज़न प्राइम की मेंबरशिप होने से आप अमेज़न पर कई प्रकार का लाभ ले सकते हैं। आप अपने पसंदीदा टीवी, फोन, अमेज़न डिवाइस और अन्य उपकरणों पर बड़ी बचत प्राप्त कर सकते हैं। छूट का लाभ उठाने के लिए आपके पास प्राइम मेंबरशिप होनी चाहिए। इसके अलावा, यदि आपके पास पहले से कोई सदस्यता नहीं है, तो आप लगभग पूरी तरह से नि:शुल्क सदस्यता के लिए साइन अप कर सकते हैं। कैसे? हमें और अधिक बताएँ।

आपने किसी भी एयरटेल, जियो या वीआई नंबर का इस्तेमाल किया होगा। इसके अतिरिक्त, उन्हें रिचार्जिंग की आवश्यकता होगी। इन व्यवसायों द्वारा कई कार्यक्रम पेश किए जाते हैं जो आपको एक मुफ्त अमेज़न प्राइम सदस्यता प्रदान करते हैं। प्रवेश शुल्क के बिना प्रदान किया जाता है। जबकि कुछ सब्सक्रिप्शन केवल 30 दिनों का प्राइम मोबाइल एक्सेस प्रदान करते हैं, अन्य पूरे वर्ष प्रदान करते हैं। इसलिए, आइए बताते हैं कि एयरटेल, जियो और वीआई प्लान के साथ प्राइम मेंबरशिप कैसे फ्री मिलती है। हमें इन योजनाओं के बारे में सूचित करें।प्रीपेड योजनाओं के संदर्भ में, आप रुपये के साथ एक मानार्थ प्राइम सदस्यता प्राप्त कर सकते हैं। 999 रु. 699 रु. 359, और रु। 108 योजनाएं। इसके अतिरिक्त, एयरटेल के




पोस्टपेड प्लान के साथ प्राइम मेंबरशिप उपलब्ध है, जिसकी कीमत 499 रुपये, 999 रुपये, 1199 रुपये और 1599 रुपये है। जियो के ग्राहक जो 399 रुपये, 599 रुपये, 799 रुपये, 899 रुपये या 1,499 रुपये खर्च करते हैं, वे एक साथ इसके लिए पात्र हैं। प्रधान सदस्यता। जियो के सभी प्लान पोस्टपेड प्लस हैं। यह सेवा 499 रुपये, 699 रुपये और 1,099 रुपये की योजनाओं के साथ भी पेश की जाती है। यह वीआई क्लाइंट्स के बारे में बात करने के अलावा है।

अमेज़न प्राइम की मेंबरशिप होने से आप अमेज़न पर कई प्रकार का लाभ ले सकते हैं। आप अपने पसंदीदा टीवी, फोन, अमेज़न डिवाइस और अन्य उपकरणों पर बड़ी बचत प्राप्त कर सकते हैं। छूट का लाभ उठाने के लिए आपके पास प्राइम मेंबरशिप होनी चाहिए। इसके अलावा, यदि आपके पास पहले से कोई सदस्यता नहीं है, तो आप लगभग पूरी तरह से नि:शुल्क सदस्यता के लिए साइन अप कर सकते हैं। कैसे? हमें और अधिक बताएँ।

# नई शक्ल में आटोमोबाइल सेक्टर संग आर्थिकी को गति-शक्ति दे रहे मालगाड़ी के पुराने कोच

## 762 न्यू माडिफाइड गुड्स वैगन से नेपाल-बांग्लादेश तक भेजे जा रहे वाहन

पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि तीव्र निर्बाध विश्वसनीय एवं सुरक्षित परिवहन सुविधा उपलब्ध कराना रेलवे की प्राथमिकता है। इसी क्रम में आटोमोबाइल्स परिवहन को आसान बनाने के लिए एनएमजी वैगन बनाए जा रहे है। मालगाड़ी के पुराने और खराब घोषित कर दिए कोच के दोबारा प्रयोग में आने से न केवल रेलवे की आमदनी बढ़ी है, बल्कि देश के आटोमोबाइल सेक्टर को भी सहूलियत मिली है। पूर्वोत्तर रेलवे के इंजीनियरों का यह अनूठा प्रयास भारतीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान कर रहा है। गोरखपुर व इज्जतनगर स्थित यांत्रिक कारखानों में बने न्यू माडिफाइड गुड्स वैगन (एनएमजी) से देश ही नहीं विदेश (नेपाल और बांग्लादेश) तक कम खर्चे में आटोमोबाइल्स (मोटर साइकिल, कार, ट्रैक्टर, वैन और आटो आदि) को आसानी से पहुंचाया जा रहा है। इसके पहले फैक्ट्रियों से निकलने वाले दोपहिया-चार पहिया वाहनों को कंटेनर और ट्रेलर के जरिये सड़क मार्ग से देश के कोने-कोने में भेजा जाता था। एनएमजी कोच तैयार होने के बाद अब इन गाड़ियों को कम खर्च में पहुंचा दिया जा रहा है। पूर्वोत्तर रेलवे में 762 एनएमजी से मालगाड़ी की 30 रेक तैयार हुई हैं। वर्ष 2021-22 में अप्रैल से सितंबर तक 77 रेक से आटोमोबाइल्स की ढुलाई हुई थी, जिससे रेलवे को करीब 11 करोड़ रुपये की आमदनी हुई थी। वर्ष 2022-23 में अप्रैल से सितंबर तक 111 रेक से ढुलाई हुई है जिससे आमदनी छह करोड़ रुपये बढ़ गई है।



### 100 और एनएमजी बनाने का लक्ष्य

रेल मंत्रालय ने पूर्वोत्तर रेलवे को हाईस्पीड वाले 100 और एनएमजी बनाने का लक्ष्य दिया है, जिसमें गोरखपुर में 60 और इज्जतनगर में 40 वैगन बनाए जाएंगे। दिसंबर से वैगन बनने शुरू हो जाएंगे। इन वैगनों के तैयार हो जाने से आटोमोबाइल्स और पैक्ड फूड ढोने वालीं मालगाड़ियां भी एक्सप्रेस की रफ्तार से चलने लगेंगी। बता दें कि गोरखपुर और इज्जतनगर स्थित कारखानों में कोचों की मरम्मत के अलावा न्यू माडिफाइड गुड्स वैगन भी तैयार किए जाते हैं। कारखानों के इंजीनियर और रेलकर्मी कम खर्चे में अधिकतम 20 वर्ष की आयु पूरी कर चुकी परंपरागत कोचों को परिवर्तित कर न्यू माडिफाइड गुड्स वैगन बनाते हैं।अब हाईस्पीड एनएमजी बनाने की तैयारी

पुराने कोच को आटोमोबाइल क्षेत्र के लिए नया रूप देने के इस प्रयोग की सफलता से उत्साहित होकर रेल मंत्रालय ने जनरल एनएमजी के बाद अब हाईस्पीड एनएमजी-एचएस बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। इस विशेष रेक से आटोमोबाइल्स के साथ डिब्बबांद खाद्यपदार्थ की ढुलाई और भी सुविधाजनक हो जाएगी। नए वैगन की अधिकतम गति 110 किमी प्रति घंटे होगी। इन वैगनों में दोनों साइड दरवाजे होंगे, जिससे प्लेटफार्मों से भी आटोमोबाइल्स और पैक्ड फूड की लदान और उतरान हो सकेगी। कुछ वैगन बन भी चुके हैं। जनरल एनएमजी में पिछले हिस्से में ही दरवाजे होते हैं।

### एक एनएमजी बनने में 22 लाख की होती है बचत

एक एनएमजी वैगन के निर्माण में लगभग छह लाख रुपये की लागत आती है। नया वैगन बनाने में रेलवे को करीब 30 लाख रुपये खर्च करने पड़ते हैं। अगर एक पुराने कोच को कबाड़ में बेचते हैं तो लोहे के भाव से लगभग दो लाख रुपये ही मिलते हैं। ऐसे में रेलवे एक पुराने कोच को न्यू माडिफाइड गुड्स वैगन के रूप में तैयार कर 22 लाख रुपये की बचत कर रहा है। सिर्फ गोरखपुर स्थित रेल कारखाने के इंजीनियर व कर्मचारी एनएमजी बनाकर 16 करोड़ की बचत कर चुके हैं। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि तीव्र, निर्बाध, विश्वसनीय एवं सुरक्षित परिवहन सुविधा उपलब्ध कराना रेलवे की प्राथमिकता है। इसी क्रम में आटोमोबाइल्स परिवहन को आसान बनाने के लिए एनएमजी वैगन बनाए जा रहे हैं, जिनका उपयोग अब डिब्बाबंद खाद्य सामग्री के परिवहन के लिए भी आरंभ हो गया है। आटोमोबाइल्स के अलावा इज्जतनगर के हल्दी रोड स्टेशन से कोलकाता के लिए 25 वैगन मैगी की लदान हुई है। पूर्वोत्तर रेलवे को और 100 एनएमजी वैगन बनाने हैं। नए एनएमजी वैगनों की गति सीमा 110 किमी प्रति घंटा होगी, जिससे आटोमोबाइल का परिवहन तेज गति से हो सकेगा।

मालगाड़ी के पुराने और खराब घोषित कर दिए कोच के दोबारा प्रयोग में आने से न केवल रेलवे की आमदनी बढ़ी है, बल्कि देश के आटोमोबाइल सेक्टर को भी सहूलियत मिली है। पूर्वोत्तर रेलवे के इंजीनियरों का यह अनूठा प्रयास भारतीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान कर रहा है। गोरखपुर व इज्जतनगर स्थित यांत्रिक कारखानों में बने न्यू माडिफाइड गुड्स वैगन (एनएमजी) से देश ही नहीं विदेश (नेपाल और बांग्लादेश) तक कम खर्चे में आटोमोबाइल्स (मोटर साइकिल, कार, ट्रैक्टर, वैन और आटो आदि) को आसानी से पहुंचाया जा रहा है। इसके पहले फैक्ट्रियों से निकलने वाले दोपहिया-चार पहिया वाहनों को कंटेनर और ट्रेलर के जरिये सड़क मार्ग से देश के कोने-कोने में भेजा जाता था।

# कोरोना के बाद यूएस में मंदी की आशंका, 21 लाख लोगों की नौकरी पर संकट



नई दिल्ली। अमेरिका व यूरोप में मंदी की आशंका को लेकर लोगों की चिंताएं बढ़ गई है। इस मंदी के बीच अमेरिकी अखबार वाल स्ट्रीट जनरल का एक सर्वे समाने आया है। सर्वे की रिपोर्ट चौंकाने वाली हैं। इस सर्वेक्षण में यह अनुमान लगाया गया है कि आर्थिक दृष्टि से अमेरिका में अगले 12 महीनें काफी अहम हैं। यह कहा गया है कि 12 महीनों में आर्थिक मंदी का दौर आ सकता है। चार दशकों के उच्च स्तर पर महंगाई ब्याज दरों में लगातार वृद्धि और बेरोजगारी दर 53 साल के निचले स्तर पर आना कुछ इसी ओर इशारा कर रही है।

गौरतलब है कि अमेरिका में फिर से महंगाई 40 साल के उच्चतम स्तर पर जा पहुंची है। गुरुवार को जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक खाने-पीने रहने और मेडिकल केयर पर खर्च में बढ़ोतरी के चलते सितंबर महीने में महंगाई दर 8.2 फीसद पर जा पहुंची है। अगस्त महीने में महंगाई दर 7.8 फीसद थी। अगस्त के मुकाबले महंगाई दर में चार फीसद की वृद्धि आई है। महंगाई के साथ अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर मंदी का साया भी मंडरा रहा है! आईएमएफ ने कहा कि दुनिया को अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर अभी और भी बुरे दौर का सामना करना पड़ सकता है और 2023 में मंदी जैसे हालात पैदा हो सकते हैं।

अमेरिका, यूरोपीय यूनियन और चीन में विकास की रफ्तार थम सकती है। आईएमएफ के अनुसार वर्ष 2022 में अमेरिकी अर्थव्यवस्था का विकास दर 1.6 फीसद रहने का अनुमान है। वर्ष 2023 में यह एक फीसद तक गिर सकती है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने भी माना कि मंदी देश में आ सकती है, लेकिन अमेरिकी अर्थव्यवस्था इतनी मजबूत है कि इन चुनौतियों का सामना करने में उसे कोई दिक्कत नहीं आएगी।

इस सर्वेक्षण में अर्थशास्त्रियों का अनुमान है कि अमेरिका के अगले 12 महीने काफी अहम हैं। उनका अनुमान है कि अमेरिका में आर्थिक मंदी की संभावना काफी बढ़ गई है। अर्थशास्त्रियों की यह चिंता बेवजह नहीं है, अमेरिका में महंगाई पर काबू पाने के लिए फेडरल रिजर्व लगातार ब्याज दरों में इजाफा कर रहा है। इसके पूर्व जुलाई में हुए सर्वेक्षण में इन अर्थशास्त्रियों ने मंदी की आशंका जताई थी। हालांकि, इस बार विशेषज्ञ मंदी को लेकर ज्यादा चिंतित हैं। इस परेशानी की सबसे बड़ी वजह है कि इसका असर नौकरियों पर पड़ेगा। अमेरिका में कई बड़ी कंपनियों ने नौकरियों में कटौती है।

वर्ष 2023 के लिए सर्वेक्षण के पूर्वानुमान काफी निराश करने वाले हैं। बैंक आफ अमेरिका की रिपोर्ट के मुताबिक अक्टूबर-दिसंबर में रोजगार का ग्राफ गिर सकता है। अनुमान लगाया गया है कि यह ग्राफ घटकर आधा रह सकता है। वर्ष 2023 में की पहली तिमाही यानी जनवरी से मार्च में अमेरिका में महंगाई चरम पर होगी। इसको रोकने के लिए फेड रिजर्व ब्याज दरों को बढ़ा सकता है। इसका सीधा असर रोजगार और नौकरियों पर पड़ेगा। यह भी अनुमान है कि पहली तिमाही में पाच लाख से ज्यादा लोग बेरोजगार हो सकते हैं। रिपोर्ट में यह कहा गया है कि रोजगार में गिरावट का यह सिलसिला पूरे वर्ष जारी रहेगा।

# शानो शौकत से मोहर्रम की 10 तारीख को निकाला जुलूस-ए-हुसैनी



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। मोहर्रम की 10 तारीख को हुसैन के मानने वालों ने निकला जुलूस-ए-हुसैनी वारसी कमेटी के नेतृत्व में जामा मस्जिद मछरिया से बड़े ही अदब और अकीदत के साथ बड़े बुजुर्ग नन्हे-मुन्ने बच्चों के हाथों में हुसैन के नाम का झंडा के साथ देश का तिरंगा लेकर जुलूस निकाला गया ! मुख्य अतिथि के रूप में जामा मस्जिद इमाम मोहम्मद अकील, राष्ट्रीय लोक दल के नगर अध्यक्ष मोहम्मद उस्मान, मोहम्मद अबसार, इमरान सिद्दीकी उपस्थित हुए !जुलूस मछरिया जामा मस्जिद से प्रारंभ होकर पप्पू टेंट हाउस मछरिया हमीरपुर रोड, दासू कुआं, यशोदा नगर देवकी नगर से होते हुए कर्बला मछरिया,बाजार पर समापन हुआ! नगर अध्यक्ष मोहम्मद उस्मान ने कहा कि मोहर्रम की 1 तारीख से लेकर 10 तारीख तक बुराइयों को खत्म करने के लिए शहादत दी गई 10 मोहर्रम को हुजूर ए पाक के नवासे की शहादत हुई! कर्बला के मैदान में बुराइयों को खत्म करने के लिए अपनी शहीदी देदी मुस्लिम समाज मोहर्रम की 10 तारीख को जुलूस ए हुसैनी को निकालकर लोगों तक यह संदेश पहुंचाता है की शहादत की क्या तारीख थी उसका क्या मर्तबा है! राष्ट्रीय लोक दल नगर अध्यक्ष मोहम्मद उस्मान मोहम्मद अबसार एडवोकेट अनीस काजू नदीम रजा कल्लू पान वाले भाई नफीस अहमद पार्षद सिराज बबलू गैस वाले जमाल सिद्दीकी इमरान सिद्दीकी इत्यादि लोग मौजूद रहे!

# ड्राइवर बलवीर की मौत के दोषी को सजा दिलाने के लिए व्यापारी व ट्रांसपोर्टर ने पुलिस आयुक्त बीपी जोगदंड को सौंपा ज्ञापन



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। वाणिज्यकर विभाग परिसर में पंजाब के ड्राइवर बलवीर सिंह की मृत्यु के दोषी एफ आई आर में नामजद दोनो अधिकारियों को विभाग द्वारा निलंबित करके गिरफ्तार करने और एफ आई आर में शामिल तीसरे अधिकारी को भी अभियुक्त बनाने की मांग के लिए व्यापारी व ट्रांसपोर्टर पुलिस आयुक्त से मिले व ज्ञापन भी सौंपा ,पुलिस आयुक्त ने कहा जांच चल रही है कार्यवाही होगी ।भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री ज्ञानेश मिश्र के नेतृत्व में यू पी मोटर ट्रांसपोर्ट एसो के मंत्री यतीश सिंह, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के महानगर वरिष्ठ महामंत्री रोशन गुप्ता, महामंत्री महेश सोनी, युवा अध्यक्ष अतुल त्रिपाठी,संगठन महामंत्री चंद्राकर दीक्षित, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक शुक्ल, युवा महामंत्री पंकज कुशवाहा, टास्क फोर्स संयोजक पवन गौड, वरिष्ठ मंत्री जय कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष अब्दुल वहीद, शरद मिश्र, मोहित तिवारी, अनुज त्रिपाठी, गगन सोनी, गगन सोनी, जितेन्द्र शाक्य, मनीष वसंदानी, राकेश गुप्ता आदि वाणिज्यकर विभाग परिसर में पंजाब के ड्राइवर बलवीर सिंह की मृत्यु के दोषी एफ आई आर में नामजद दोनो अधिकारियों को विभाग द्वारा निलंबित करके गिरफ्तार करने और एफ आई आर में शामिल तीसरे अधिकारी को भी अभियुक्त बनाने की मांग के लिए व्यापारी व ट्रांसपोर्टर पुलिस आयुक्त बी पी जोगदंड से उनके कार्यालय में मिले और ज्ञापन भी सौंपा ।भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री ज्ञानेश मिश्र ने पुलिस आयुक्त बी पी जोगदंड से कहा कि दिनांक 20/21 जुलाई 2023 को वाणिज्यकर विभाग( स्टेट जी एस टी) के अधिकारियों संयुक्त आयुक्त पारस नाथ यादव व अमित मोहन द्वारा ई वे बिल व टैक्स इनवॉइस जारी की हुई कानपुर से पंजाब जा रही एक स्क्रैप लदी ट्रक की जांच की गई जिसे शक के आधार पर वाणिज्यकर विभाग लखनपुर ले जाया गया ।वाणिज्यकर परिसर में कई ट्रकों के खड़े होने के कारण ये गाड़ी परिसर के बाहर खड़ी की गई।

गाड़ी रोक जाने के समय व विभाग द्वारा गाड़ी ले जाने पर कार्यालय में पंजाब के रहने वाले गाड़ी के ड्राइवर बलवीर सिंह ने कर्मचारियों व अधिकारियो को बताया कि मेरे बेटे की मृत्यु हो गई है गाड़ी परिसर के बाहर खड़ी है जल्दी जांच कर लो और मुझे गाड़ी लेकर जाने दीजिए लेकिन विभाग में गाड़ी ले जाने के दो दिन से अधिक समय लगभग 60 घंटे बाद दिनांक 23 जुलाई को ड्राइवर को विभाग के अधिकारी ने फोन मिलाया ड्राइवर का फोन न उठने पर गाड़ी में विभाग के अधिकारी द्वारा जाकर देखा गया तो ड्राइवर बलवीर सिंह मृत अवस्था में पड़े थे उन्हें लाला लाजपतराय अस्पताल (हैलट अस्पताल )ले जाया गया वहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया ।

पंजाब के ड्राइवर बलवीर सिंह के पुत्र गोविंद ने 24 जुलाई को कानपुर आकर अपने पिता के पोस्टमार्टम के उपरांत कल्याणपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक को तहरीर देकर स्वयं एफ आई आर दर्ज करवाई और अपने पिता द्वारा उनके बेटे की मृत्यु की जानकारी वाणिज्यकर विभाग के कर्मचारियों व अधिकारियों को देने की पुष्टि भी की ।

# करंट की चपेट में आए टेंट हाउस संचालक की मौत

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। केस्को की लापरवाही की वजह से शनिवार को टेंट हाउस संचालक की जान चली गई। एबीसी लाइन डालने के दौरान कर्मचारियों ने खंबे से जुड़ी पुरानी केबल लोगों के घर के पास छोड़ दी थी, जिससे करंट टेंट हाउस संचालक के मकान पर लगे लोहे के एंगल में उतर गया ।संचालक गीले कपड़े फैलाने पहुंचा और चपेट में आ गया। स्वजन के हंगामा करने पर एसीएम प्रथम एसीपी बाबूपुरवा, अधिकारी पहुंचे। अधिकारी ने उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन देकर लोगों को शांत कराया। साकेत नगर डब्ल्यू वन ब्लाक निवासी 45 वर्षीय पंकज मिश्रा टेंट हाउस संचालक थे ।उनकी पत्नी नीलू मिश्रा ने बताया केस्को मुहल्ले में पुरानी केबिल हटा एबीसी लाइन डाल रहा है और पुरानी बिना खंभे से लाइन काटे वहीं छोड़ दे रहा है। लाइन चालू रहने से करंट का खतरा मुहल्ले के सभी परिवारों का रहता था। बच्चों को भी घर से बाहर नहीं निकालते थे ।जिसकी शिकायत पराग डेयरी सबस्टेशन में कई बार की जा चुकी है, लेकिन अधिकारियों ने अनसुना कर दिया था।

शनिवार को पति गीले कपड़ों को तार में कपड़े फैलाने पहुंचे तभी वह करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गए। आवाज सुनकर स्वजन पहुंचे ।केस्को की केबिल मुख्य गेट के बगल में दीवार के ऊपर लगे लोहे के एंगल से छू रही थी ।एंगल से कपड़े सूखाने के लिए तार बांधी हुई थी,जिससे पति करंट की चपेट में आए। एसीपी संतोष सिंह ने बताया कि केस्को अधिकारियों ने मुआवजा देने का आश्वासन दिया है।

# कानपुर बार एसोसिएशन के चुनाव में कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी को व्यापारी नेता ज्ञानेश मिश्रा ने दुपट्टा पहनाकर विजयी होने की दी शुभकामनाएं

कानपुर। कानपुर बार एसोसिएशन चुनाव वर्ष 2023 में विकास कुमार गौड़ कनिष्ठ उपाध्यक्ष बार एसोसिएशन कानपुर नगर प्रत्याशी को भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री ज्ञानेश मिश्रा ने दुपट्टा पहनाकर आने वाली जीत की शुभकामनाएं एवं बधाई दी। जिसमें मुख्य रुप से ज्ञानेश मिश्रा, पवन कुमार गौड़, वाहिद, राकेश गुप्ता एवं अन्य व्यापारी उपस्थित रहे।



# एनसीसी के 194वे वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में कैडेट्स ने सीखे आत्मरक्षा के गुर



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। 55 यूपी बटालियन के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 194 में सभी कैडेट्स को तेजस फिटनेस सेल्फ डिफेंस क्लब और रेन्बुकयी कराटे क्लब कानपुर के शाखा ब्रांच चीफ ज्ञान प्रकाश अवस्थी द्वारा प्रशिक्षण दिया गया ।आजकल समाज के विभिन्न प्रकार की बुराइयों का शिकार एक आम आदमी को झेलना पड़ता है इसलिए आत्मरक्षा के गुर एक प्रकार का विशेष प्रशिक्षण है जिसमें सभी लोगों में स्वयं की रक्षा कैसे की जाए के बारे में सिखाया जाता है और एक प्रकार का आत्मविश्वास जागृत किया जाता है ताकि मुश्किल परिस्थिति में लोगों को स्वयं पर आत्मविश्वास हो और वह स्वयं अपनी रक्षा कर सकें ।इस अवसर पर 400 कैडेट्स ने आत्मरक्षा के गुर सीखे और इसको आगे और भी अच्छे से प्रशिक्षित होने के लिए प्रण लिया अंत में कैंप कमांडेंट महोदय करना समीर कोशिक ,सभी पी आई स्टाफ एवं केडिट्स द्वारा श्री ज्ञान प्रकाश अवस्थी को एन सी सी केडिट्स को आत्मरक्षा प्रशिक्षण देने के लिए धन्यवाद किया गया और उन्हें कैम्प की तरफ स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

# जय श्रीराम बोलने पर शिक्षक ने छात्रों को बेरहमी से पीटा, निलंबित



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। किदवई नगर में सेंट थामस स्कूल में कक्षा छह के बच्चों के जय श्रीराम बोलने पर शिक्षक का पारा चढ़ गया। शिक्षक ने बच्चों को स्टाफ रूम में ले जाकर बेरहमी से पीटा। अभिभावकों ने क्षेत्रीय पार्षद की अगुआई में स्कूल प्रधानाचार्य से मिलकर आपत्ति जताई ।प्रधानाचार्य ने जांच पूरी होने तक के लिए शिक्षक को निलंबित कर दिया है। बर्रा विश्वबैंक कालोनी निवासी अभिभावक सत्येंद्र द्विवेदी व हर्षित द्विवेदी ने बताया कि 25 जुलाई को कक्षा छह के छात्र अथर्व और शाश्वत स्कूल गए थे। शिक्षक चंदन क्रिस्टी की क्लास में बच्चों ने जय श्रीराम बोल दिया ।यह सुनते ही चंदन गुस्से में आ गए और दोनों बच्चों को कक्षा से खींचते हुए स्टाफ रूम में ले गए और बेरहमी से पीटा। बच्चे चिल्लाते रहे लेकिन उन्हें किसी ने नहीं बचाया। बच्चों के शरीर में चोट के निशान देखकर स्वजनों ने स्कूल में जाकर नाराजगी जताई ।क्षेत्रीय पार्षद अवधेश त्रिपाठी ने बताया कि शिक्षक के कृत्य की जानकारी मिलने पर अभिभावकों के साथ प्रधानाचार्य से मिले। उन्हें लिखित शिकायत देकर निष्कासन की मांग रखी लेकिन प्रधानाचार्य शिक्षक को बचाने में जुटे रहे। प्रधानाचार्य माल्विन डिसूजा ने बताया कि प्रकरण संज्ञान में आया है। प्रथम दृष्टया जांच में शिक्षक के दोषी मिलने पर निलंबित करके जांच शुरू करा दी गई है।

# कत्याल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की पुष्पांजलि



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर ।अमर शहीद विलायती राम कत्याल के जन्म दिवस पर अमर शहीद विलायती राम कत्याल की प्रतिमा पर माल्यार्पण आशा फेरवानी ने माल्यार्पण कर किया। राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीद की मूर्ति पर दो पुष्प अर्पित करने का समय नहीं ,इस अवसर पर अनचर सेवा संस्थान की अध्यक्ष सिम्पल चौहान के नेतृत्व में कैडिल जलाकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सम्बोधित पत्र कानपुर नगर के जिला अधिकारी के माध्यम से भेजा था लेकिन नगर निगम के उद्यान विभाग के अधिकारी फर्जी तरीके से रिपोर्ट लगा कर गुमराह कर रहे हैं उसकी जोर दार शब्दों में भर्त्सना कि उन्होंने आगे कहा कि नगर निगम के अधिकारी सांसद व विधायक के पत्र पर भी कोई कार्यवाही नहीं करते बल्कि फर्जी रिपोर्ट लगाकर कानपुर प्रशासन व शासन को गुमराह कर रहे हैं ।वहीं विलायती राम कत्याल की क्षति ग्रस्त प्रतिमा स्थल की रेलिंग सुधार कराने का पत्र जिलाअधिकारी को 25जून को देकर सुधार कराने की मांग की थी,न तो पेड़ों की छंटाई कि नहीं बन्द लाईट ही चालू की, यदि शीघ्र कार्य शुरू नहीं हुआ तो उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री व उप मुख्यमंत्री से मिलकर नगर निगम के लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करेगा , ।इस अवसर पर नगरीय पारथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गोविंद नगर की टीम ने मलिन बस्ती संजयनगर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में दवा का वितरण किया शिविर व पुष्पांजलि अर्पित करने वाले लोग में आशा फेरवानी ,रंजना सेंगर, विकास फेरवानी , राजेश कत्याल , रमेश सिहवानी , सिम्पल चौहान, गीता दीक्षित,पंकज त्रिवेदी,संजय श्रीवास्तव,रति अग्निहोत्री,रति नायर, प्रतिभा गुप्ता, सतीश रोचलानी , अशोक पाण्डे, श्रीकांत ओमर, नागेन्द्र सिंह ,शशि श्रीवास्तव,रुबी गुप्ता, विमला चौहान आदि मौजूद थी।

# कृषि इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित होगा वार्षिक टेक फेस्ट



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर ।सीएसए के अधीन संचालित बाबा साहब डा भीमराव अम्बेडकर कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय इटावा के उत्साही छात्रों और अनुभवी संकायों के सहयोग से 30 से 01 अगस्त तक तीन दिवसीय प्रथम वार्षिक टेक फेस्ट आयोजित किया जा रहा है। यह फेस्ट अपने प्रकारों में से एक है, जो ज्ञान, कौशल और प्रदर्शन उत्कृष्टता को एक साथ समाहित करेगा। इसमें क्विज , तकनीकी प्रस्तुतिकरण, वाद विवाद प्रतियोगिता के साथ विभिन्न तकनीकी और गैर-तकनीकी कार्यक्रम किए जायेंगे। इस आयोजन के माध्यम से छात्रों को किसी भी मौजूदा महत्वपूर्ण समस्या का समाधान प्रदान करने के लिए अपना दिमाग लगाने और विचार-मंथन करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। इस तरह के आयोजन इंजीनियरों, शोधकर्ताओं को बड़े सपने देखने और उन्हें हासिल करने के लिए मार्गदर्शन करते हैं। इस आयोजन में जिलाधिकारी अवनीश राय ने अपनी सहभागिता की अनुमति प्रदान की है।

# मुहिम फेयर फाउंडेशन द्वारा छात्रों को टी-शर्ट एवं खाद सामग्री का वितरण किया गया




मुहिम फेयर फाउंडेशन द्वारा, टी-शर्टऔर खाद्य सामग्री का वितरण,दिनांक 28 जुलाई 2023 दिन शुक्रवार को सुबह 10:00 बजे, सदर बाजार स्कूल लखनऊ फाटक में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि बृजेश पाठक बालाजी मंदिर के महंत अनुभव पांडे जी रहे। इस कार्यक्रम में पटकापुर स्वच्छता समिति के अध्यक्ष अरुण कुमार अस्थाना, अंजनी भक्त मंडल के कर्ता-धर्ता विक्रम अवस्थी, सतीश चंद शर्मा सदर बाजार स्कूल के प्रधानाचार्य एवं सहायक अध्यापक सम्मिलित हुए ।इसमें 150 ,छात्रों को टी-शर्ट एवं खाद सामग्री का वितरण किया गया। सभी बच्चे हर्ष मुद्रा में दिखे और सभी बच्चों ने आए हुए अतिथियों को कविताएं और अपनी हाथों द्वारा बनाए गए चित्रकारी और इलेक्ट्रॉनिक आइटम को दिखाया। इसे देखकर पाठक जी ने सभी बच्चों का अभिवादन किया।

# घर से निकली बच्ची को युवक ने दबोचकर की अश्लीलता

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। ग्वालटोली में एक युवक ने बच्ची को बदनीयती से दबोच लिया। उसका मुंह दबाकर सूनसान जगह पर अश्लीलता की बच्ची के चीखने पर राहगीर दौड़े तो आरोपी भाग निकला। बच्ची ने परिजनों को आपबीती बताई। सूचना पर ग्वालटोली थाने की पुलिस भी मौके पर पहुंची। बच्ची के परिवारीजनों की तहरीर पर एफआईआर दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया ।ग्वालटोली थाना क्षेत्र के परमट में रहने वाली 9 साल की बच्ची शुक्रवार देर शाम पास की दुकान से दूध लेने के लिए घर से बाहर निकली थी। इस दौरान इलाके का युवक अभिषेक शर्मा उर्फ लकी ने रास्ते में दबोच लिया और मुंह दबाकर खाली प्लॉट में ले गया। उसके साथ अश्लीलता करने लगा। बच्ची ने शोर मचाया तो राहगीरों के आने पर आरोपी भाग निकला ।सूचना पर बच्ची के परिवारीजन और ग्वालटोली थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। बच्ची के पिता की तहरीर पर आरोपी परमट निवासी अभिषेक शर्मा उर्फ लकी के खिलाफ छेड़खानी, एससी एसटी एक्ट और पाक्सोएक्ट की धारा में एफआईआर दर्ज की है। इसके बाद आरोपी को दबिश देकर घर से गिरफ्तार कर लिया।

# गंगा टास्क फोर्स ने मनाया विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस



कानपुर। भारतीय सेना की 137 सी ई टी एफ टी ए बटालियन 39 गोरखा राइफल गंगा टास्क फोर्स ने नगर निगम बालिका इंटर कॉलेज, किदवई नगर, कानपुर में विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस मनाया ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि लक्ष्मी त्रिपाठी प्रधानाचार्य नगर निगम बालिका इंटर कॉलेज, पूजा चौहान प्रधानाचार्य उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं आयुष तिवारी नेहरू युवा केंद्र ब्लॉक परियोजना अधिकारी उपस्थित रहे। गंगा टास्क फोर्स के कमान अधिकारी कर्नल वेदव्रत वैद्य और कानपुर स्थित कंपनी कमांडर लेफ्टिनेंट कर्नल अनूप कुमार ओझा के दिशा निर्देश पर विगत 5 सालों से गंगा स्वच्छता अभियान,पौधा रोपण, घाटो की गश्त, जारुकता अभियान निरंतर कर रही है, इस अवसर पर गंगा टास्क फोर्स के सूबेदार वी आर हिरूगडे ने छात्राओं को बताया कि प्रकृति से प्यार और इसके प्रति जागरूकता के लिए हर साल 28 जुलाई को विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस मनाया जाता है ।प्रकृति को स्वच्छ रखना संरक्षित रखना हमारा कर्तव्य है। पेड़ों को न काटना,अधिक से अधिक पेड़ लगाना, अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखना, प्रकृति की रक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करना ही हमारा कर्तव्य है। इस अवसर पर नगर निगम बालिका इंटर कॉलेज,उच्च प्राथमिक विद्यालय किदवई नगर के 16 अध्यापिका एवं 72 छात्राएं और गंगा टास्क फोर्स से सूबेदार वी आर हिरूगडे एक अन्य जवान उपस्थित रहे।

# पटकापुर में रुद्राभिषेक के साथ भंडारे का किया गया आयोजन



कानपुर। पटकापुर स्वच्छता समिति के प्रथम वर्ष पूर्ण होने के पश्चात समिति ने यह निर्णय लिया कि वार्षिक उत्सव का आयोजन किया जाए इस वार्षिक आयोजन में सभी पदाधिकारियों के द्वारा सुनिश्चित हुआ कि रुद्रा अभिषेक का आयोजन किया जाए इसी क्रम में 23.07 .2023 दिन रविवार को रूद्र अभिषेक भजन कीर्तन के द्वारा मनाया गया एवं भंडारे का भी आयोजन किया गया।

इस आयोजन में समिति के संरक्षक कमल बाजपेई , सतीश चंद बाजपेई,रमेश चंद बाजपेई,राज वर्धन मिश्र, एवं विनोद त्रिपाठी बालाजी भक्त मंडल के महंत अनुभव पांडे जी भी इस कार्यक्रम सम्मिलित होकर गौरव बढ़ाया समिति के अध्यक्ष अरुण कुमार अस्थाना,उपाध्यक्ष सूर्य नारायण बाजपेई,महामंत्री दीपक निगम ,मंत्री गीता पांडे ,मनीष अस्थाना ,आर.के .अवस्थी ,इसी दौरान अजनी भक्त मंडल के कर्ता-धर्ता विक्रम अवस्थी ,राजकमल सिंह ,सतीश चंद्र शर्मा और मनोज उपाध्याय सम्मिलित हुए संस्था के बारे में अपने अपने विचार प्रकट किए एवं सभी सदस्य गण ,पटकापुर निवासी सम्मिलित होकर उत्सव का आनंद लिया और भगवान भोलेनाथ की आराधना भजन कीर्तन का आनंद प्राप्त किया, कार्यक्रम संपूर्ण होने के बाद संस्था को बधाई दी और कहा इसी प्रकार संस्था कार्यक्रम करती रहे जिससे पटकापुर का विकास हो।




बी पी एस न्यूज
हिन्दी साप्ताहिक
मुद्रक प्रकाशक स्वात्वाधिकारी बुद्ध प्रकाश साहू द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डेन नं. 6-ए/7 रेल बाजार कानपुर नगर से मुद्रित एवं 344- बगाही भट्ठा टी.पी. नगर कानपुर से प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. UPHIN/2016/66740, डाक पंजीयन सं. कानपुर सिटी 304/2021-2023, सम्पादक बुद्ध प्रकाश साहू व्हाट्सअप 9335908846 मो.: 8423454502 email:bps.knp786@gmail.com info@bpsnews.in www.bpsnews.in नोट-समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर नगर न्यायालय होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों व संवाददाताओं की होगी।